CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

देहरादून, सोमवार 6 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 59 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंसः योगी

पेज 2



महिला विश्व कप में भी भारत-पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ

खेल टाइम्स



यूपी की सियासतः पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित

सम्पादकीय



अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में

पेज 12

## पहली बार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंचा देश का स्वर्ण भंडार

**मुंबई।** मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी स्वर्ण भंडार लगातार बढ़ रहा है और अब यह पहली बार 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई, लेकिन स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। यह दिखाता है कि केंद्रीय बैंक अब विदेशी मुद्रा से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहा है और लगातार स्वर्ण भंडार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसमें कुछ योगदान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में जारी तेजी का भी है।

## पंजाब के पूर्व मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में आरोपपत्र पेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसमें हरियाणा के तीन और उत्तर प्रदेश के एक निवासी को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में अमरोहा (उप्र) का सैदुल अमीन और कुरुक्षेत्र (हरियाणा) का अभिजोत जांगड़ा, यमुनानगर (हरियाणा) का कुलबीर सिंह सिद्धू और करनाल (हरियाणा) का मनीष उर्फ काका राणा के नाम शामिल हैं। इनमें से दो आरोपी सैदुल और अभिजोत गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि कुलबीर और मनीष फरार चल रहे हैं। इन चारों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के लिए स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग की ओर से जारी मौसम संबंधी सलाह के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा खराब मौसम को लेकर जारी सलाह के मद्देनजर श्री वैष्णो देवी यात्रा पांच से सात अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई है और आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

## पहलगाम हमले के आतंकियों को दिया मोबाइल चार्जर

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितम्बर को अरेस्ट किया था।

# बारिश का कहरः उत्तर बंगाल में अब तक 20 की मौत

दार्जिलिंग, वार्ता

- सड़कें-पुल ध्वस्त, सिक्किम से उत्तर बंगाल का संपर्क टूटा
- और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या



**उत्तर बंगाल** और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत- बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है। भयावह बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सरकार हर संभव मदद देगी। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है।

## यूपीआई से टोल पेमेंट सस्ता हुआ, कैश में दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वो यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं अगर कैश पेमेंट करते है, तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवम्बर से लागू होंगे। टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है।

# सिरप से हुई मौतों पर केंद्र सख्त

## मप्र व राजस्थान में कफ सिरप के चलते 16 बच्चों की जान जाने के बाद सरकार एक्शन में आई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुई बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ रविवार को एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। साथ ही, खासकर बच्चों में खांसी की दवाओं का सही और सीमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, क्योंकि अधिकांश खांसी स्वयं ही ठीक हो जाती है और दवाइयों की जरूरत नहीं होती। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग, आईडीएसपी-आईएचआईपी की रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रचार और सूचनाओं के आदान - शेष पृष्ठ दो पर

### अहम बैठक आयोजित




- दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन व नियमों का उल्लंघन करने वाले के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश

### कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा।

### कफ सिरप से बच्चों की मौत पर यूपी में अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- स्वास्थ्य विभाग सतर्क, सम्बंधित कम्पनी के कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

**लखनऊ।** देश के कुछ राज्यों में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को चेतावनी जारी की है।

जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को सम्बंधित बैच की बिक्री रोकने के साथ ही उनके नमूने राज्य औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को सहायक औषधि आयुक्त के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल्स (निर्माता- नं-787, बैंगलोर हाईवे, सुंगुवाचत्रम, जिला कांचीपुरम, तमिलनाडु) द्वारा तैयार कोल्ड आरआईए सिरप (बैच न. एसआर-1-3, निर्माण मई 2025, एक्सपायरी अप्रैल 2027) में डाईथाइलीन ग्लायकॉल और एथेलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले रसायनों की मौजूदगी की आशंका है।

# इंदिरा गांधी भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं: रिजिजू

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राहुल गांधी देश के बाहर भारत के खिलाफ बोलते हैं, ऐसा करने वाले पहले नेता विपक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में दिए बयान की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि राहुल पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था। उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला। दरअसल राहुल गांधी साउथ अमेरिकी देशों के 10 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने राहुल का कोलंबिया वाला वीडियो देखा। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता। रिजिजू ने इसे पूरी तरह गलत बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कई क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है।

# बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

- तकनीकी गड़बड़ी आई सामने

**बर्मिंघम।** एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 117, जो 4 अक्टूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी, में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि ये बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान था, इसे एहतियात बरतते हुए बर्मिंघम एयरपोर्ट पर उतारा गया है। इस लैंडिंग के दौरान विमान के रैम एयर टर्बाइन अचानक से सक्रिय हो गई। जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को जांच के लिए भेज दिया गया है। यह घटना विमान की फाइनल लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान हुई। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही फ्लाइट एआई-117 में ऑपरेटिंग क्रू को लैंडिंग से ठीक पहले आरएटी प्रणाली के सक्रिय होने जानकारी मिली।

# नए वोटर कार्ड से बिहार चुनाव में होगा मतदान




- जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगाः मुख्य चुनाव आयुक्त

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे, पहले वाले वोटर कार्ड बेकार हो जाएंगे, ऐसा सवाल इसलिए भी था, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण में 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल वोटरों को अपने कागज और तस्वीर भी देनी थी।

कहा भी गया था कि उनका डाटा उसी हिसाब से अपडेट किया जाएगा। अब देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

## जेल से वांगचुक ने की शांति की अपील, कहाः हिंसा में मारे गए लोगों की हो न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितम्बर को हिरासत में लिया था। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट कर सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से सोनम वांगचुक का संदेश, 4 अक्टूबर को कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# ट्रम्प वीजा वॉरः सात देशों का भारतीय टैलेंट को मिला न्योता

शाह टाइम्स ब्यूरो



- रोजगार के नए अवसर आए
- अमेरिका ने एच-1बी की फीस बढ़ाकर 88 लाख की थी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वीजा वॉर से भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स की उम्मीदों को झटका लगा है, लेकिन इस बीच दुनिया के 7 बड़े देशों ने भारतीय टैलेंट पूल पर नजरें जमा ली हैं।

नमें आईटी हब यूरोपीय देश फिनलैंड और दुनिया की दूसरे नंबर की टॉप यूनिवर्सिटी वाला देश ताइवान प्रमुख है। पांच अन्य देश- कनाडा, जर्मनी, यूके, दक्षिण कोरिया और चीन ने भी उदार वीजा की पहल की है। ये सभी भारतीय आईटी, मेडिको और अन्य साइंस प्रोफेशनल्स को अपने देश में आने का न्योता दे रहे हैं। ट्रम्प ने हाल में एच-1बी वीजा की वन टाइम फीस बढ़ाकर लगभग 88 लाख रुपये करने की घोषणा की है। एच-1बी वीजा कैटेगरी में हर साल 70 फीसदी से ज्यादा भारतीय प्रोफेशनल्स होते हैं। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 6 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे दोबारा फीस देकर 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। अगर सालाना 88 लाख रुपये के हिसाब से जोड़ें तो अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ चुकाने होंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। एआई एक्सीलेंस से लेकर सेमी कंडक्टर के कोर्स के साथ ताइवान की 15 से अधिक यूनिवर्सिटीज ने इस महीने भारतीय छात्रों के बीच आने का फैसला किया है। कैंपस सलेक्शन होगा। साथ ही एक्सचेंज प्रोग्राम और जाइंट रिसर्च भी होगा। इनमें से कम से कम पांच ऐसे संस्थान भी शामिल हैं जिनकी गिनती विश्व के शीर्ष 350 विश्वविद्यालयों में होती है। इनमें नेशनल सिंगहुआ, कौसिउंग मेडिकल, नेशनल इलान और चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रमुख है। भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहरदेविरटा ने बताया कि हमारा देश ई-स्पोर्ट्स सेक्टर में सबसे बड़ा गेमिंग एक्सपोर्टर है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया-राहुल और खड़गे के खिलाफ 24 को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है। परिवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि तय कर दी है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। पीएम के परिवार पर भी टिप्पणी की गई है। भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र दोनों में यह उचित नहीं है। प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है।

### महिला-किशोर समेत चार की मौत

**आगरा।** जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के रुनकता में आगरा-दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात अनियंत्रित कैंटर खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे पीछे आ रहे छह वाहन एक के बाद कैंटर से भिड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, मृतकों में एक किशोर व एक महिला भी शामिल है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू कराया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतकों की पहचान विजेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। उसकी पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है, जो ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था।

## सीएम ने जोनल कर अधिकारियों से सीधा संवाद किया

# फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस' होगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्धा हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। रविवार को राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म' के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

**■ 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें: सीएम**

### बैठक के दौरान की जोनवार समीक्षा

बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अधिकारियों ने बताया गया कि बरेली (64.2 प्रतिशत), सहारनपुर (63.7 प्रतिशत), मेरठ (63.0 प्रतिशत), गोरखपुर (62.5 प्रतिशत) और झांसी (62.1 प्रतिशत) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्धा नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की।

### राजस्व वृद्धि राज्य की प्रगति का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

# आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम

**कांग्रेस ने मोदी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इससे 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं, लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए।अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी। लांबा ने कहा कि राज्य के जिन छह जिलों में लाखों महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उनमें गोपालगंज, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, भोजपुर और पूर्णिया विधानसभा शामिल हैं। इन छह जिलों में करीब 60 विधानसभा सीटें आती हैं।

# यूपी में ओबीसी वोटों के लिए कांग्रेस करेगी सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददता

**लखनऊ।** यूपी में कांग्रेस पार्टी ओबीसी समुदायों को एकजुट करने के लिए सभी मंडलों में सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसकी शुरुआत लखनऊ से होगी। इन सम्मेलनों के जरिए पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है।

कांग्रेस का पिछड़ा वर्ग विभाग बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंद करने में लगा हुआ है। अब पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयसिंह ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा अगले सप्ताह तक होने की संभावना है। इसके बाद मंडल स्तर पर सामाजिक न्याय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू होगा।

इन सम्मेलनों का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही आम लोगों को यह बताना है कि कांग्रेस संसद से सड़क तक सामाजिक न्याय के लिए कैसे संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि सम्मेलनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की सूची तैयार करने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श पूरा हो चुका है। यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से अनुमोदन मिलते ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी।

### जिस मुल्क में रहो उससे मोहब्बत करो: सांसद बर्क

**सम्भल।** संभल मस्जिद विवाद और आई लव मोहम्मद कैंपेन पर सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने कहा कि मुसलमान भारत के वफादार हैं, क्योंकि इस्लाम देश प्रेम सिखाता है। उन्होंने बल दिया कि सच्चे मुसलमान मुल्क और धर्म दोनों का सम्मान करते हैं। बर्क ने आई लव मोहम्मद को शांति का संदेश बताया है। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क हयात नगर एक जश्न-ए-गौसुल-वरा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस मिट्टी के लिए जान दी है। हमारी तारीख कुर्बानियों से भरी है। इस्लाम सिखाता है कि जिस मुल्क में रहो, उससे मोहब्बत करो और वफा निभाओ। बर्क ने कहा कि इस्लाम की मोहब्बत और मुल्क से वफादारी है। वफादार हैं और ये चीज हमें साबित करने की जरूरत नहीं है।

# सड़क हादसों में बढ़ाई जाएगी मुआवजा राशि

**यूपी परिवहन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, जल्द स्वीकृत होने की उम्मीद**

शाह टाइम्स ब्यूरो





**लखनऊ।** यूपी सरकार सड़क हादसों में मृतकों और घायलों को मिलने वाली मुआवजा राशि में पांच गुना तक बढ़ोतरी करने जा रही है। परिवहन विभाग ने प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिसके तहत मृतक के आश्रितों को अब 50 हजार रुपये के बजाय ढाई लाख रुपये और घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मृतक के प्रत्येक आश्रित को मुआवजे का हिस्सा जरूर मिले।

परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 अगस्त तक प्रदेश में 30,717 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 23,712 लोग घायल हुए, जबकि 16,903 लोगों की जान चली गई। वर्ष 2024 की समान अवधि (31 अगस्त तक) में 26,502 हादसों में 14,102 मौतें और 19,712 लोग घायल हुए थे। इस तरह 2025 में हादसों की संख्या में 15.87 प्रतिशत, मृत्यु दर में 18.89 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 18.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बढ़ते हादसों और उनके गंभीर परिणामों को देखते हुए मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग तेज हो गई थी। वर्ष 2021 में शुरू की गई सांत्वना योजना के तहत सड़क हादसों में घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये और मृतकों के आश्रितों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। इस राशि को अपर्याप्त माना जा रहा था। परिवहन विभाग ने इसे बढ़ाने की पहल करते हुए नया प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे शासन के पास भेजा गया है। सड़क हादसों में लापरवाही और गलत ड्राइविंग को रोकने के लिए कड़े नियम भी लागू हैं। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 281 के तहत लापरवाही से वाहन चलाने पर 6 महीने की सजा या 1,000 रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 125 के तहत चोट पहुंचाने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा और जुर्माना, जबकि धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु होने पर 2 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। परिवहन विभाग ने मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि मृतक के सभी आश्रितों को सहायता राशि का लाभ मिले। प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिलने के बाद यह नई व्यवस्था जल्द लागू हो सकती है। इस कदम से सड़क हादसों के पीड़ितों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सरकार सड़क सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठा रही है। परिवहन विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान और कड़े नियमों के जरिए हादसों को कम करने की कोशिश की जा रही है।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 115400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150000
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा वैश्विक कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर वैश्विक कारकों का असर दिखेगा। निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर होगी। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह किए गए बैंकिंग सुधारों का असर भी बाजार पर जारी रह सकता है।

अगले सप्ताह से कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम भी आने शुरू होंगे जिनमें दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का परिणाम गुरुवार को आएगा। एचएसबीसी की सेवा क्षेत्र की पीएमआई रिपोर्ट सोमवार को जारी होनी है। बीते सप्ताह में बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही जबकि रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति बयान के बाद अगले दो दिन तेजी देखी गई। गुरुवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 780.71 अंक (0.97 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी रही और सप्ताहांत पर यह 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.97 प्रतिशत यानी 239.55 अंक चढ़कर शुक्रवार को 24,894.25 अंक पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में तेजी रही। धातु समूह में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। निजी बैंकों, तेल एवं गैस, वित्त, ऑटो, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में भी जबरदस्त तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 1.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 5.34 प्रतिशत, बीईएल का 4.22, टाइटन का 3.76 और टाटा स्टील का 3.43 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा के शेयर में 2.99 फीसदी, ट्रेंट में 2.85, पावर ग्रिड में 2.66. एक्सिस बैंक में 2.42, इटरनल में 2.30 और एचडीएफसी बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 2.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.10 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.04 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.48 फीसदी टूट गया।

### सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज

**नई दिल्ली।** रविवार को देश के सर्राफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। पिछले तीन दिनों से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

रविवार को 8 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत अब 87,920 रुपये हो गई है। 24 कैरेट सोने में 8 ग्राम की बात करें तो आज इसकी कीमत 92,320 रुपए है। जबकि कल की कीमत 91,264 रुपए थी, जबकि 10 ग्राम सोने में आज 24 कैरेट के दाम 1,15,400 रुपए हैं, जबकि कल यह कीमत 1,14,080 रुपए थी। देश के इतिहास में चांदी ने पहली डेढ़ लाख रुपये का आंकड़ा पार किया है। आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए रोजमर्रा की सैकड़ों चीजों पर से जीएसटी दरों में कटौती कर राहत प्रदान की गई। हालांकि, सोने-चांदी पर पहले से ही बहुत कम टैक्स है। अब आने वाले त्योहार व लग्न सीजन इसका असर देखने को मिल सकता है। इस माह धनतेरस व दिवाली भी है। चांदी के सिक्के की भी बात की जाए तो 1.80 लाख रुपये प्रति सैकड़ा कीमत हो गई है। यानी इस साल धनतेरस पर चांदी का सिक्का खरीदना भी महंगा ही साबित होगा।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं रहा मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी के भाव भी घट गए। वहीं, खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 26 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं 26 रुपए महंगा होकर 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में भी 41 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 145 रुपए और सोया तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 20 रुपए और वनस्पति 80 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में नौ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 30 रुपए और मूंग दाल की 31 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 107 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी : सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 20 रुपए प्रति क्विंटल घट गए। चीनी में भी 15 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन : दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

**■ खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा**

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सिरप से हुई...**

प्रदान व संयुक्त कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की तरफ से बनाई गई खांसी की दवा कोल्ड्रिफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब कई बच्चे इस दवा पीने के बाद मृत पाए गए। सीडीएससीओ तमिलनाडु के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए कहेगा। मृत बच्चों में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, राजस्थान के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा केरल और तेलंगाना ने भी इस दवा का उपयोग रोकने के लिए जनता को चेतावनी जारी की है। वहीं दूसरी ओर सरकार कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनी पर सख्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश में एक और कंपनी नेक्स्ट्रो डीएस के खांसी की दवा के नमूनों की जांच अभी चल रही है। कुल 19 नमूने लिए गए हैं, जिनमें सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार की दवा और ओन्डान्सेट्रान शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो डीएस सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और इसी कंपनी के अन्य उत्पादों की बिक्री भी रोक दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रतिबंध की घोषणा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाए। वहीं पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल डाक्टर की सलाह, सीमित मात्रा और सावधानी के साथ किया जाए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए नुकसानदेह दवाओं पर अब चेतावनी लेबल लगाना अनिवार्य होगा। मामले में तंलगाना सरकार की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोल्ड्रिफ सिरप के इस बैच में डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) नाम का जहरीला रसायन मिला है, जो शरीर के गुर्दों (किडनी) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और जानलेवा साबित हो सकता है। इसी कारण तेलंगाना में इस सिरप को लेकर लोगों को उपयोग तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

# सरकारीआर्थिक नीतियों से बढ़ रही असामनता

**समाज का एक हिस्सा अमीर, तो दूसरा गरीब : कांग्रेस**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसकी नीतियां केंद्रीयकरण पर आधारित हैं, इसलिए देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से केंद्रीयकरण हो रहा है, जिसके चलते समाज का एक हिस्सा बहुत अमीर, तो दूसरा हिस्सा उतना ही गरीब होता जा रहा है। यह बात यह नही, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की हर रिपोर्ट कह रही है। ये हमें भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सिर्फ 1687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। मोदी सरकार-प्रेरित आर्थिक नीतियों के कारण धन का इतना बड़ा केंद्रीयकरण देश में विकट आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। ये असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। अन्य देशों में हाल की तारीखें गवाह हैं कि यही घनघोर आर्थिक असमानता और पंगु लोकतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अराजकता पैदा करने में कैटलिस्ट बनी हैं। सरकार द्वारा भारत को भी उसी रास्ते पर धकेला जा रहा है।श्री रमेश ने कहा कि सत्ता के गठजोड़ से चंद उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियां उनके चंद उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, एमएसएमई हमेशा रहा है लेकिन यह क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। यह दबाव केवल घरेलू नीतियों का ही नहीं बल्कि विदेश नीति की असफलताओं का भी नतीजा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर घटते जा रहे हैं और महंगाई लगातार इस कदर बढ़ रही है कि नौकरीपेशा लोगों की जेब में भी बचत की जगह कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। मनरेगा का जिक्र करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का जाल मुहैया करने वाली योजनाएं, आज संकट से जूझ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बच्चों में कफ सिरप के उपयोग पर केंद्र की एडवाइजरी राज्य में लागू

■ स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश ने सभी जिलाधिकारियों और चिकित्साधिकारियों को किए निर्देश जारी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, डॉ. आर. राजेश कुमार ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से 3 अक्टूबर को जारी एडवाइजरी के अनुपालन में राज्य में भी बच्चों में कफ सिरप के विवेकपूर्ण उपयोग और वितरण पर विशेष बल दिया गया है।

डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा नहीं दी जानी चाहिए। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इन दवाओं का सामान्य उपयोग अनुशंसित नहीं है। केवल विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह, सही खुराक और न्यूनतम अवधि के लिए ही इनका उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में बच्चों की खांसी और जुकाम की समस्या स्वत: ठीक हो जाती है। इसलिए आवश्यक है कि चिकित्सक इन दवाओं के अनावश्यक प्रयोग से बचें।

स्वास्थ्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि औषधि निरीक्षक चरणबद्ध तरीके से कफ सिरप के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच कराएं ताकि दोषपूर्ण या हानिक. ारक दवाओं को बाजार से तुरंत हटाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी चिकित्सक और औषधि विक्रेता केंद्र की एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी स्वास्थ्य संस्थानों, सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, और निजी चिकित्सा संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि केवल गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के अनुरूप निर्मित औषधियों की ही खरीद और वितरण किया जाए।

## खांसी या जुकाम होने पर लें डाक्टर से सलाह

डॉ. आर. राजेश कुमार ने जनता से अपील की है कि वे बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी या जुकाम की दवा देने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। उन्होंने कहा बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रतिबंधित या अधोमानक दवाओं के उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शहीदों के श्रद्धांजलि सम्मान समारोह में शामिल हुए सीएम

■ वीरों के पराक्रम को नमन, लैंसडाउन की धरती बनी देशभक्ति की गवाह ,सीएम बोले दृ सैन्य धाम अमर आत्माओं का प्रतीक, आने वाली पीढ़ियों को करेगा प्रेरित




शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन ।** लैंसडाउन की पावन धरती पर शहीदों की अमर वीरगाथाओं और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए शहीद सम्मान समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लैंसडाउन पहुंचकर सबसे पहले अमर शहीद गब्बर सिंह नेगी मेमोरियल स्मारक पहुंचकर शहीद के प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शहीद की वीरता और बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर गब्बर सिंह नेगी जैसे अमर सपूतों के कारण ही देश आज सुरक्षित है। उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

समारोह का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के स्वागत एवं आगमन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक दिलीप सिंह रावत ने वीर सपूतों के पराक्रम और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद सम्मान यात्रा की झलकियों पर आधारित विशेष वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित की गयी, जिसने उपस्थित जनसमूह को शहीदों के गौरवशाली इतिहास और योगदान से अवगत कराया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी से भरे ताम्र कलशों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एक मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गौरतलब है कि इन ताम्र कलशों में एकत्रित शहीदों के आंगन की पावन माटी को देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम में ले जाया जाएगा। इस दौरान सेना की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गढ़वाल रेजीमेंट का रेजिमेंटल गीत स्मृति स्वरूप भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए वीर नारियों, परिजनों और माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सैन्य धाम केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं बल्कि अमर आत्माओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी वहां लायी जा रही है, यह कार्यक्रम मात्र औपचारिकता नहीं बल्कि उन वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया ।कहा कि 25 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि व उनके परिजनों के आंसुओं का सम्मान है। कहा कि यह निर्माणाधीन सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। यह उन शहीदों के लिए हमारी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान बलिदान किया तथा जिसके कारण हम चैन की नींद सोते हैं। कहा कि उत्तराखंड में लगभग हर घर का कोई न कोई सदस्य सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़ा है। राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को रूपए 50 लाख से बढ़ाकर रुपए 1 करोड़ किया गया है। शहीद के अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है। सैनिकों को भूमि खरीद पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी के रूप में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शहीदों के परिजनों को सरकारी सेवा में संयोजन के तहत 28 परिजनों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा 13 मामलों की प्रक्रिया प्रचलित है। पूर्व में आवेदन हेतु 02 वर्ष का समय सीमा थी, जिसे बढ़ाकर 05 वर्ष कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन, आधुनिक उपकरण, जैकेट एवं जूते जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है और दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने आह्वान किया कि जैसे पहले "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान चला था, वैसे ही अब "एक पेड़ शहीदों के नाम" अभियान भी चलाया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त किए जाने की घोषणा की, उन्होंने निद. ेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों की नियुक्ति कर नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाने की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने अन्य स्त्रोतों से अनुदान प्राप्त न करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सम्मान राशि प्रदान किए जाने तथा गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, लैंसडाउन संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयहरीखाल का उच्चीकरण किए जाने, राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया का नामकरण शहीद कमल सिंह रावत के नाम पर, हाईस्कूल डोबरियासार का नाम शहीद अनुज सिंह नेगी के नाम पर, बरुआ-चिणबो मार्ग का नामकरण शहीद केशवानंद ध्यानी के नाम पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण शहीद हरीश जोशी के नाम पर, जयहरीखाल-गुमखाल मार्ग का नामकरण शहीद खुशाल सिंह नेगी के नाम पर करने की घोषणा की।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इस अवसर पर कहा कि शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का आज लैंसडाउन में सफल समापन हुआ है। उन्होंने बताया कि शेष 71 शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी लायी जा चुकी है, जिसे सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व अमर जवान ज्योति में स्थापित किया जाएगा। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। हम शहीदों को मृतक नहीं, बल्कि अमर वीर मानते हैं।

आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो यह हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का परिणाम है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आर्मी बैंड का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने आर्मी जवानों को बैंड का बेहतर प्रदर्शन करने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, विधायक पौड़ी राज. कुमार पोरी, कर्नल ऑफ द रेजिमेंट एंड गढ़वाल राइफल एवं स्काउट ले. ज. डी. एस. राणा, ले. ज. शरत चंद्र (से.नि.), ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग पं. राजेंद्र अंथवाल, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, मेयर कोटद्वार शैलेन्द्र सिंह रावत, अध्यक्ष भाजपा कोटद्वार राज गौरव नौटियाल सहित बड़ी संख्या में शहीद परिजन, सैनिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# न मुकदमे का पता ,न गिरफ्तारी की खबर

■ सवालों में रायवाला कोतवाली पुलिस की अजीबोगरीब तफ्तीश चोरी के माल की नहीं कराई तस्दीक, आरोपी जेल भी चला गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ऋषिकेश।** रायवाला में चोरी की एक घटना में पुलिस की अजीबा. ेगरीब तफ्तीश सामने आई है। इसमें पहले तो चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखी गई। मामला उछला, तो घटना के नौ दिन बाद आखिरकार पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। जांच में जुटी पुलिस ने एक आरोपी को न सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि उससे चोरी का गैस सिलेंडर भी बरामद कर लिया। आरोपी की कोर्ट में पेशी कराई। यहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

चोरी की इस पूरी वारदात में हैरानी है कि पीड़ित को न तो मुक. दमा पंजीकृत होने की जानकारी मिली और न ही चोर की धरपकड़ की।

यही नहीं, बरामद सिलेंडर तक की तस्दीक पीड़ित से नहीं कराई। पुलिस ने मुकदमा लिखा और पीड़ित के बयानों का हवाला देते हुए युवक को आरोपी बताते हुए कोर्ट में पेश कर सलाखों के पीछे भी पहुंचा दिया। रविवार को रायवाला निवासी पीड़ित एम्स कर्मी विरेंद्र नौटियाल ने खुद से इसकी जानकारी ली, तो पुलिस की पूरी जांच-पड़ताल का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि जांच अधिकारी एसआई खुशहाल सिंह रावत शिकायत के कुछ दिन बाद घर तो आए थे, लेकिन मुकदमा कब दर्ज और आरोपी कब गिरफ्तार कर लिया गया? इसकी जानकारी उन्हें रविवार को खुद से कोतवाली में फोन करने पर मिली।

वहीं, यह मामला इतने भर तक सीमित नहीं है। खास यह भी है कि अमूमन शराब के पव्वों और फरार वारंटी तक की जानकारी सोशल मीडिया से साझा करने वाली रायवाला कोतवाली पुलिस ने इस चोरी की घटना में खुलासे को साझा नहीं किया, जिससे अब पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े गए हैं।

मालूम हो कि, विरेंद्र नौटियाल के घर से 19-20 सितंबर की रात को गैस सिलेंडर की चोरी हुई थी, जिसमें पुलिस ने 29 सितंबर को अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

इस मामले में एएसआई योगेंद्र के अनुसार पुलिस ने 30 सितंबर को हरीश निवासी गौहरीमाफी, रायवाला को गैस सिलेंडर के साथ वैदिकनगर स्थित मुर्गी फार्म में रेलवे अंडर पास के पास से गिरफ्तार कर लिया था।

# सहकारिता से मजबूत हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था

## अल्मोड़ा में सहकारिता मेले में शामिल होकर बोलीं मंत्री रेखा आर्य



शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के मौके पर अल्मोड़ा के सिमकनी ग्राउंड में रविवार को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या सहकारिता मेले में शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों, योजनाओं, हस्तशिल्प, हथकरघा एवं स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने स्टॉल संचालकों से संवाद कर विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली और उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख नीमा आर्या, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष ललित लटवाल, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी सहित कई सार्वजनिक प्रति. निधि, अधिकारी, और गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह मेला स्थानीय उत्पादों को संरक्षण और प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान की भावना के अनुरूप है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सहकारिता ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को मजबूती दी है और इसके माध्यम से गांव-शहर की महिलाएं तेजी से सशक्त हो रही हैं।महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार का मंच कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सहकारिता मेले का उद्देश्य स्थानीय कला, उत्पादों, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार के प्रयासों को मंच देना है, जिससे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई आर्थिक संभावनाएं सृजित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पशुपालन, डेयरी, कुक्कुट पालन जैसे कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण चेक वितरित किए गए। कई ग्राम सभाओं को माइक्रो एटीएम भी सौंपे गए। वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

# सत्यापन अभियान मे143 मकान मालिकों पर 14.30 लाख का जुर्माना



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दून पुलिस का किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन का अभियान शनिवार, 5 अक्टूबर 2025 को भी जारी रहा। इस व्यापक अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 825 लोगों का सत्यापन किया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना भी लगाया गया।

पुलिस ने किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले 143 मकान मालिकों के खिलाफ 83 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया। इन मकान मालिकों से चौदह लाख तीस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान 40 संदिग्ध व्यक्तियों को भी पुलिस टीम थाने लाई और उनसे पूछताछ की गई। इन सभी 40 व्यक्तियों के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। नगर और देहात के विभिन्न थाना क्षेत्रोंख्र्जिसमें सहसपुर (रामपुर, शंकरपुर, सिहनीवाला, धर्मावाला), कोतवाली पटेलनगर (ब्रह्मपुरी, ब्राह्मणवाला, चमनपुरी) और कोतवाली नगर (चौकी लक्ष्मण चौक, गांधी ग्राम, छबील बाग) शामिल हैंख्र्में यह सत्यापन अभियान चलाया गया।पुलिस का कहना है कि बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और संदिग्धों के सत्यापन के लिए यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

# नियुक्तियों एवं स्थानांतरण को लेकर फैलाई जा रहीं अफवाहें: डॉ. सती

■ प्रधानाचार्य भर्ती परीक्षा राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी आयोजित

उच्च न्यायालय में विचाराधीन सहायक अध्यापक ( एलटी ) नियुक्ति संबंधी वाद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** माध्यमिक शिक्षा निद. ेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा विभाग की नियुक्ति एवं स्थानांतरण संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर फैलाई जा रही अफवाहें पूरी तरह निराधार, भ्रामक एवं असत्य हैं।

डॉ. सती ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य शैक्षिक (अध्यापन संवर्ग) राजपत्रित सेवा नियमावली 2022 के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के 692 पदों (50 प्रतिशत) को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के माध्यम से सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा भरा जाना है। इस संबंध में आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की तिथि निर्धारित की गयी है, किन्तु परीक्षा अभी सम्पन्न नहीं हुई है। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अपनी सभी परीक्षाओं का संचालन पूर्णत: पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से करता है और उसकी परीक्षा प्रणाली विश्वसनीयता एवं न्यायपूर्ण मूल्यांकन के लिए जानी जाती है। इसलिए नियुक्ति में टोकन मनी/पैसे के लेन-देन जैसी बातें पूरी तरह निराधार हैं।

स्थानान्तरण को लेकर उन्होंने बताया कि विद्यालयों के कोटिकरण (सुगम/दुर्गम) संबंधी प्रकरण मा. उच्च न्यायालय नैनीताल में विच. ाराधीन होने के कारण शैक्षिक सत्र 2025-26 में वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम-2017 के अंतर्गत कोई स्थानान्तरण आदेश निर्गत नहीं किये गये हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलाई जा रही हैं, जो विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है।

सहायक अध्यापक (एलटी) पदों पर चयन प्रक्रिया के संबंध में डॉ. सती ने बताया कि उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा 1352 पदों पर चयन कार्यवाही सम्पन्न की गयी है।

लेकिन कुछ अभ्यर्थियों द्वारा मा. उच्च न्यायालय में वाद दायर करने के कारण नियुक्ति की प्रक्रिया बाधित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहायक अध्यापक (एलटी) के नियुक्ति अधिकारी संबंधित मण्डलों के अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) हैं।

अंत में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने चेतावनी दी कि नियुक्ति एवं स्थानान्तरण से जुड़ी असत्य एवं मिथ्या पूर्ण अफवाहें कुछ असामा. जिक तत्वों द्वारा विभाग की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं। शिक्षा विभाग अपनी सभी प्रक्रियाओं का संचालन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमों के अनुरूप करता है।

यदि भविष्य में इस प्रकार की अफवाहें बिना साक्ष्यों एवं तथ्यों के फैलाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का वाहक बना विद्या समीक्षा केन्द्र

■ डेटा आधारित निर्णयों से पारदर्शिता, जवाबदेही व दक्षता में आया सुधार, छात्र प्रदर्शन, उपस्थिति व शिक्षक सहभागिता पर रखी जा रही सतत निगरानी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत स्थापित विद्या समीक्षा केन्द्र प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के तहत विभाग में डेटा आधारित नीतिगत निर्णय लिये जा रहे हैं, जिससे शिक्षण गुणवत्ता, उपस्थिति और संसाधनों के प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विद्या समीक्षा केन्द्र से अबतक प्रदेश के 16052 विद्यालयों को जोड़ा गया है, साथ ही 46 हजार से अधिक शिक्षकों को सतत पेशेवर विकास के तहत प्रशिक्षित किया गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, प्रखर और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की। जिसके फलस्वरूप् विद्यालय स्तर से महानिदेशालय स्तर तक अब निर्णय तथ्यों व वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर लिये जा रहे हैं। जिससे प्रदेश की शिक्षण गुणवत्ता से लेकर उपस्थिति व भौतिक संसाधनों के प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से इन विद्यालयों में छात्र प्रदर्शन, उपस्थिति और शिक्षक सहभागिता की रीयल टाइम निगरानी निरंतर की जा रही है। प्रदेश के 95 फीसदी विद्यालयों में 'मेरी उपस्थिति चौटबॉट' के जरिये वास्तविक समय पर छात्र-शिक्षकों की उपस्थितियां डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त 6.5 लाख छात्रों को 'पारख उत्तराखंड' के माध्यम से उपचारात्मक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। डॉ. रावत ने बताया कि अब तक 57 हजार से अधिक छात्रों का निपुण मूल्यांकन और 46,323 शिक्षकों का सतत् पेशेवर विकास (सीपीडी) प्रशिक्षण ई-सृजन चौटबॉट के माध्यम से पूरा किया गया है।विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि विद्या समीक्षा केन्द्र के तहत 6-ए फ्रेमवर्क विकसित किया गया है।

जिसके तहत उपस्थिति, मूल्यांकन, अनुकूलनशील अधिगम, प्रमाणन, प्रशासन और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) पर आधारित मॉड्यूल विकसित किये गये हैं। जिससे विद्यालयों से डेटा संग्रहण की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बन गई है।

उन्होंने कहा कि विद्या समीक्षा केन्द्र की मदद से अब निर्णय अधिक सटीक और प्रभावी हो रहे हैं। राज्य की शिक्षा प्रणाली को डिजिटल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में यह केन्द्र एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। आने वाले समय में इस परियोजना के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षण, छात्र अधिगम और नीतिगत निर्णय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा।

## प्रदेशभर के 16052 विद्यालय विद्या समीक्षा के केन्द्र से जुड़े

डॉ. रावत बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर के 16052 विद्यालय विद्या समीक्षा के केन्द्र से जोडे जा चुके हैं। जिसमें ऊधम सिंह नगर जनपद के 1116, नैनीताल 1345, हरिद्वार 936, देहरादून 1242, पौड़ी 1953, रूद्रप्रयाग 754, चमोली 1314, बागेश्वर 757, अल्मोड़ा 1658, चम्पावत 673, उत्तरकाशी 1025, पिथौरागढ़ 1421 तथा टिहरी गढ़वाल में 1858 विद्यालय शामिल हैं।

# दून में रामलीला महोत्सव का सफल समापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रेसकोर्स में आयोजित उत्तराखंड की 1952 की प्राचीन श्भव्य रामलीला महोत्सवश का सफल समापन हुआ। इस आयोजन में 75 लाख से अधिक दर्शकों ने भाग लिया और यह एक अनोखा कीर्तिमान बना।

इस रामलीला महोत्सव में पौराणिकता के साथ आधुनिक तकनीक का संगम किया गया, जिससे दर्शकों को एक अद्भुत अनुभव मिला। लेजर और साउंड शो के साथ रामलीला मंचन किया गया, जिसमें उड़ने वाला पुष्पक विमान, आकाशमार्ग में सीता हरण, और राम-रावण युद्ध जैसे कई तकनीकी दृश्यों को दर्शाया गया।

सामाजिक वर्गों की भागीदारी

इस आयोजन में समाज के हर वर्ग ने भाग लिया, जिसमें उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार, समाज सेवी, साधु संत, और कई अन्य शामिल थे। रामलीला समिति ने सभी पात्रों, समन्वय समिति, स्वयंसेवक समिति, कीर्तन मंडलियों, और सोशल मीडिया वालंटियर को सम्मानित किया।

इस रामलीला महोत्सव को सोशल मीडिया पर रिकॉर्ड 75 लाख से अधिक दर्शकों ने देखा और 1 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया, जो उत्तराखंड में रामलीला आयोजन का एक कीर्तिमान है।

# केदारनाथ धाम के दर्शनों को उमड़ रहा हुजूम

**हर रोज दस हजार से अधिक यात्री कर रहे हैं दर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की अंतिम चरण की यात्रा ने एक बार फिर से तेज रफ्तार पकड़ दी है। इन दिनों धाम पहुंचने वाले यात्रियों का आंकड़ा दस हजार पार है। जबकि अभी तक 16 लाख 35 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। धाम में दर्शनों के लिये यात्रियों की लंबी लाइन लग रही हैं। हालांकि भक्तों को मंदिर के गर्भ गृह में जाकर दर्शन कराए जा रहे हैं।



विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में यात्रियों का हुजूम उमड़ रहा है। हर रोज हजारों की संख्या में भक्त बाबा के धाम पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं। इन दिनों पैदल यात्रा मार्ग सहित केदारपुरी भक्तों के जयकारों से गुंजायमान है। दर्शनों के लिये हर समय भक्तों की कतारे लग रही हैं। अब बाबा केदार के कपाट बंद होने में कुछ ही दिनों का समय शेष बचा हुआ है। 23 अक्टूबर को बाबा केदार के कपाट बंद होने हैं, लेकिन कपाट बंद होने से पहले भक्त भारी संख्या में दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। अभी तक 16 लाख 35 हजार से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

यात्री हेलीकाप्टर सेवा के अलावा पैदल यात्रा मार्ग से धाम की यात्रा कर रहे हैं। यात्रियों की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुये प्रशासन की ओर से भी सुविधाएं चुस्त-दुरूस्त की गई हैं। स्वास्थ्य, सफाई से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। पैदल यात्रा मार्ग और धाम में जगह-जगह स्वास्थ्य केन्द्र भी खोले गये हैं। जबकि 450 से अधिक पर्यावरण मित्र धाम और यात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाले हुये हैं।

# गढ़वाल विवि के पूर्व सह-सचिव समरजीत ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के 2024-25 के पूर्व सह-सचिव समरजीत तेवतिय ने पंखे पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी है। छात्र नेता के आत्महत्या करने कि खबर के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली गई। छात्र नेता नगर निगम क्षेत्र के न्यू डांग में अपने आवास पर रहता था। हालांकि अभी तक आत्महत्या के कारणों का ठोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र नेता समरजीत तेवतिया एक हफ्ते पहले ही श्रीनगर पहुंचा था और न्यू डांग अपने आवास पर रह रहा था। रविवार सुबह करीब जब साढ़े तीन बजे जब गिरने की आवाज आयी तो मकान में रह रहें किरायदार छात्र नेता के कमरे में पहुंचे तो छात्र नेता पंखे से लटका मिला। जिसके बाद किरायदार द्वारा इसकी सूचना 108 को दी गई। मौके पर गमछे को काटकर छात्र नेता को पंखे से नीचे निकालकर बेस चिकित्सालय ले जाया गया जहां डाक्टरों की टीम ने छात्र नेता को मृत घोषित कर दिया। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि छात्र नेता की पहचान समरजीत तेवतिया पुत्र सुबोध कुमार तेवतिया 422, रेलवे रोड़ शिवाजी नगर, पिलखुआ, जिला हापुड़ पिलखुआ देहात गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बताया कि छात्र नेता के कमरे में किसी भी प्रकार का कोई सोसाइट नोट नहीं मिला है। बताया कि शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जायेगी।

# बढ़ियारगढ़ मंडल में पहली बार हुआ संघ का पथ संचलन

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बढ़ियरगढ़ मंडल ने संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर रविवार को पूर्ण गणवेश में पथ संचलन एवं एकत्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। पथ संचलन का प्रारंभ तेगढ़ बाजार से हुआ जो मुख्य मार्ग से होते हुए धौंड़गीं ग्रामसभा स्थित क्षेत्रपाल देवता मंदिर के रामलीला मैदान परिसर में सम्पन्न हुआ। देशभक्ति गीतों की धुन पर कदम मिलाते स्वयंसेवकों का स्वागत क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया, जिसमें महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रही। रामलीला मैदान में पहुंचकर स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन कर विजयादशमी उत्सव मनाया एवं भगवा ध्वज को नमन किया।

# भगवान राम के अयोध्या वापसी पर निकली भव्य झांकी

**भरत मिलाप के प्रसंग को देख भावविभोर हुए दर्शक**

**श्रीनगर।** श्री आदर्श रामलीला समिति श्रीनगर के तत्वाधान में 126 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक रामलीला में पुरषोत्तम राम के अयोध्या वापसी पर भव्य झांकी निकाली गई। इस मौके पर हनुमान मंदिर से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची जहां झांकी का भव्य स्वागत किया गया। लीला में भरत मिलाप के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद राम और लक्ष्मण सीता के साथ पुष्पक विमान से वापस अयोध्या लौटते हैं।

# डीएम ने की निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

**चिरंजीव सेमवाल**

**जादूंग/उत्तरकाशी।:** भारत-चीन सीमा से सटे उत्तरकशी जिले का सीमांत गांव जादूंग अब वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन की नई पहचान बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने जादूंग गांव को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (टटच) के तहत जोड़ा है, जो सीमावर्ती गांवों के व्यापक विकास के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है।यहां स्थानीय नागरिकों क सामाजिक-आर्थिक विकास और रोजगार से जोड़ने के साथ ही विभिन्न विकास कार्य तेजी से जारी हैं। रविवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जादूंग गांव का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने



संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने सीओ आईटीबीपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ समसायिक विषयों पर भी चर्चा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के प्रथम चरण में पारम्परिक शैली में 6 होम स्टे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तथा दूसरे चरण में 8 होम स्टे बनाए जाएंगे। कुल 14 होम स्टे के

**वाइब्रेंट विलेज योजना : जादूंग गांव बनेगा सीमांत पर्यटन की नई पहचान : डीएम ,1962 के भारत-चीन युद्ध में सीमावर्ती जादूंग गांव का करवा था खाली**

पूरा होने पर जादूंग गांव में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे एक ओर जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। गौरतलब है 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सीमावर्ती भारत का जादूंग गांव खाली कराया गया था। हालांकि स्थानीय ग्रामीण आज भी अपने देवस्थानों की पूजा के लिए गांव में आते रहे हैं। अब वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत यहां बुनियादी ढांचे के विकास,पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि निकट भविष्य में जादूंग गांव सीमांत पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

इस दौरान सीडीओ एसएल सेमवाल,सीओ आईटीबीपी भानुप्रताप सिंह,जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी, समन्वयक आपदा जय पंवार,कपिल उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### गढ़वाल अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोटद्वार।** गढ़वाल अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री के लैंसडौन दौरे के दौरान उनसे मुलाकात की और उनको मांगों संबधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसोसिएशन ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती में आरक्षण लागू करने, टीईटी बाध्यता समाप्त करने, पदोन्नति में आरक्षण लागू करने, छात्रवृत्ति सरलीकरण, तथा कोटद्वार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन निर्माण व स्थानांतरण प्रक्रिया को शून्य न करने तथा प्राथमिक शिक्षकों के अंतरमंडलीय स्थानांतरण की पहल करने, अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों को गोल्डन कार्ड योजना का लाभ देने तथा पंजीकृत शिक्षक संगठनों को मान्यता एवं प्रतिनिधित्व प्रदान करने संबंधी पहल करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन जिला अध्यक्ष जगदीश राठी, प्रांतीय संरक्षक डॉ. सोहन लाल व जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### सीएम धामी ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए पोस्ट किया,जम्मू-कश्मीर के बारामूला क्षेत्र में माँ भारती की सेवा करते हुए कोटद्वार के वीर पुत्र, राइफलमैन सूरज सिंह नेगी जी के शहीद होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। आपकी वीरता और बलिदान को नमन, आपकी शौर्यगाथा सदैव हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेगी। विनम्र श्रद्धांजलि !

### शस्त्र पूजन एवं एकत्रीकरण कार्यक्रम किया आयोजित

**कोटद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कोटद्वार की ओर से सुदर्शन उपनगर की शिवपुर बस्ती में रविवार को विजयदशमी उत्सव एवं संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त शस्त्र पूजन एवं एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा शिवपुर बस्ती के मुख्यमार्ग पर पथ संचलन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य वक्ता जिलाप्रचारक कमल व कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद ध्यानी द्वारा शस्त्र पूजन कर किया गया। मुख्यवक्ता कमल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। सौ वर्षों की यात्रा में कई व्यवधानों के बाद भी संघ अपने लक्ष्य पर अविरल रूप से आगे बढ़ रहा है। संघ का मुख्य उद्देश्य भारत को परम वैभव तक पहुंचाना है और इसके लिए स्वयंसेवक लगातार कार्य कर रहे हैं । जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर सत्य की असत्य पर जीत के उपरांत हिंदुत्व का दीपक प्रज्वलित किया था उसी प्रकार वर्तमान समय में संघ की धारा किरण के माध्यम से स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक वर्ग में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर प्रचारक गौरव, नगर कार्यवाह प्रशांत कुकरेती, सुदर्शन उपनगर कार्यवाह विजेंद्र मेंदोला, सहकार्यवाह रोहित बलोदी, मनमोहन सिंह और राकेश चमोली सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटद्वार।** श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से रविवार को मंदिर परिसर में स्वर्गीय अखिल ध्यानी की स्मृति में एम्स ऋषिकेश के डाक्टरों सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टर उमेश सिंह व डॉक्टर एमपी श्रेष्ठ सहित एम्स की 16 सदस्यीय टीम ने रक्त एकत्रित करने में सहयोग दिया। शिविर का आरंभ लैंसडाउन विधायक व श्री सिद्धबली मंदिर समिति के महंत दिलीप रावत ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हम दूसरे की जान बचाने में अपना योगदान देते हैं। इसलिए सभी स्वस्थ लोगों को जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। शिविर में 125 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर श्री सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष जेपी ध्यानी, सचिव शिवानंद पोखरियाल, सुनील अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### निश्रित गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट किए जाने की मांग

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर नगर पंचायत में कूड़े बिखरा होने और गौवंशों के सड़कों पर घुमने फर लोगों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया रामलाल नौटियाल ने कहा की कीर्तिनगर में निश्रित गौवंश के लिए गौशाला का निर्माण किया गया है, जिसका जल्द ही लोकार्पण होने वाला है, लेकिन अभी भी गौ सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। उन्होंने गौशाला का संचालन सही ढंग से किए जाने और सड़कों पर घुम रही निश्रित गौवंशों को गौशाला में शिफ्ट किए जाने की मांग की है।

# बारिश, ओलावृष्टि व तूफान को लेकर प्रशासन अलर्ट पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 5, 6 और 7 अक्टूबर 2025 को राज्य के कई जनपदों सहित जनपद टिहरी गढ़वाल में कहीं-कहीं भारी वर्षा, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज तूफान की संभावना जताई गई है। इस चेतावनी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत व्यापक सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

अपर जिलाधिकारी ए.के. सिंह ने जनपद के सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहते हुए प्रत्येक स्तर पर तत्परता और सावधानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा प्राप्त सूचनाओं को तत्काल आपदा नियंत्रण कक्ष तक पहुंचाया जाए। सभी विभागीय नोडल अधिकारी और आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली से जुड़े अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे।

निर्देशों में कहा गया है कि यदि किसी मोटर मार्ग पर भूस्खलन या अन्य कारणों से यातायात बाधित होता है, तो तत्काल मार्ग खोलने की कार्रवाई की जाए। विद्युत और पेयजल आपूर्ति बाधित होने की दशा में संबंधित विभाग त्वरित मरम्मत और आपूर्ति बहाली सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी ने सभी राजस्व उपनिरीक्षकों, ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में बने रहने के साथ कंट्रोल रूम से निरंतर संपर्क में रहने को कहा है। संवेदनशील ग्रामों में विशेष सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। सभी तहसीलें, थाना, चौकियां और अग्निशमन केंद्रों को भी आपदा संबंधी उपकरणों और वायरलेस सेट के साथ तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अपना मोबाइल फोन बंद न रखने की सख्त हिदायत दी गई है। आपातकालीन परिस्थितियों में फंसे लोगों तक तुरंत खाद्य सामग्री और चिकित्सा सहायता पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को स्वयं भी बरसाती, छाता, टॉर्च, हैलमेट और आवश्यक उपकरण अपने वाहनों में रखने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियाती कदम उठाने, असामान्य मौसम की स्थिति में उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही रोकने, तथा प्रमुख नदियों, सहायक धाराओं और मौसमी नालों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने के आदेश जारी किए गए हैं। नदी तटों के समीप निवासरत लोगों को सतर्क कर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त भूस्खलन संभावित मार्गों पर पहले से ही आवश्यक उपकरण और संसाधन उपलब्ध रखने, पंचायत सचिवों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम सभा में चेतावनी प्रसारित कराने और नगर निकायों को नालियों एवं कलवर्टों की सफाई के निर्देश भी दिए गए हैं। जनपद टिहरी गढ़वाल प्रशासन ने कहा है कि किसी भी प्रकार की आपदा या आपात सूचना तत्काल जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, आपदा नियंत्रण कक्ष टिहरी गढ़वाल पर दी जा सकती है। संपर्क नंबर हैं ख्र 01376-234793, 233433, टोल फ्री 01376-1077, मोबाइल: 8126268098, 7465809009, 9456533332, 7983340807। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और सतर्कता बरतते हुए प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# समरजीत की युवाओं के बीच थी अच्छी पकड़

**श्रीनगर।** पूर्व में छात्र संघ सह-सचिव पद पर काबिज हुए समरजीत तेवतिया की छात्रों की बीच अच्छी पकड़ थी। जिसके बदौलत वह छात्र संघ में फतह कर पाया। समरजीत तेवतिया के दोस्त हिमांशु और अविनाश ने बताया कि समरजीत की युवाओं में अच्छी पकड़ थी, जिसके बदौलत उसने छात्र संघ चुनाव ठीक ठाक मतों से जीत हासिल की थी। बताया कि पिछले साल ही उसने एमपीएड़ की पढाई पुरी की थी। बताया कि समरजीत नौकरी न मिलने कि बात करता रहता था, लेकिन उसके इस कदम से वह हैरान और परेशान है।

# शिक्षकों और छात्रों ने जताया शोक

**श्रीनगर।** पूर्व छात्रसंघ सहसचिव समरजीत के द्वारा उठाये गए कदम पर गढ़वाल विवि के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने शोक व्यक्त किया है।विवि के डीएसडबल्यू प्रो ओ पी एस गुसाईं ने बताया कि समरजीत का छात्र-छात्राओं के बीच हमेशा से अच्छा व्यवहार रहा, लेकिन उसके द्वारा उठाये गए गलत कदम से सभी के मन में दु:ख पहुंचा है। मामले के बाद छात्र संघ पदाधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों ने दु:ख व्यक्त किया।

# दीपावाली से पूर्व राज्य मार्गो की बदलेगी तस्वीर: ओम प्रकाश

**मुख्य अभियंता पौड़ी की देख-रेख में हो रहा डामर बिछाने का कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** इन दिनों जिले के राज्य मार्गो की स्थिति को सुधारने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जगह-जगह राज्य मार्ग पर बने गड्ढे और उखड़े डामर को ठीक किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग को दीपावली से पूर्व राज्य मार्ग पर डामर बिछाने और अन्य लिंक मार्गो को 31 अक्टूबर तक दुरुस्त करने का लक्ष्य मिला है, जिसके तहत विभाग भी तेजी के साथ कार्य करने



में जुटा है। मुख्य अभियन्ता लोनिवि पौड़ी की देख-रेख में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता बनी रहे।

जनपद में लोनिवि रुद्रप्रयाग के विभिन्न मार्गों पर 92 किमी के पैच मरम्मत का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष अब तक लगभग 30 किमी पैच मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। सचिव लोनिवि के निर्देश पर मुख्य अभियंता पौड़ी ओम प्रकाश भी डामर कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं और मौके पर कार्य की गुणवत्ता को देख रहे हैं, जिससे डामर कार्य की गुणवत्ता पर कोई सवाल खड़ा ना करे। मुख्य अभियंता ने घनसाली-तिलवाड़ा (राज्य मार्ग संख्या-15) एवं मयाली-गुप्तकाशी (राज्य मार्ग संख्या-37) का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रान्तीय खण्ड लोनिवि रुद्रप्रयाग एवं निर्माण खण्ड लोनिवि ऊखीमठ द्वारा पैच मरम्मत के किये गये कार्यों की गुणवत्ता पर सन्तुष्टि व्यक्त की और निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य दीपावली से पूर्व एवं अन्य मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए, इसको लेकर सचिव लोनिवि द्वारा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य मार्गो और अन्य लिंक मार्गो में गड्ढे होने तथा डामर उखड़ने से दुर्घटना का भय बना रहता है, जबकि ग्रामीण जनता को भी हिचखोले खाकर यात्रा करनी पडती है, जिस कारण उन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीण जनता एवं तीर्थ यात्रियों की समस्या को देखते हुए राज्य मार्गो और अन्य ग्रामीण लिंक मार्गो की स्थिति को सुधारा जा रहा है। यह कार्य इस माह पूर्ण हो जाएगा।

# मार्ग, बिजली पानी जल्द सुचारू नहीं , तो जनता करेगी आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** विरही निजमुला मोटर मार्ग काली चट्टान के पास रुक-रककर हो रहा भूस्खलन के कारण सातवें दिन भी नहीं खुल पाया, 30 सितंबर को बिना बरसात के काली चट्टान में भूस्खलन हो गया था मगर आज तक बिडकुल की निर्माण दाई कम्पनी मोटर मार्ग नहीं खोल पाई, बता दे कि उपजिलाधिकारी ने बिडकुल के प्रयोजना प्रबंधक को विरही निजमुला मोटर मार्ग को जल्द खोलने की आदेश जारी कर कहा था अपनी मसीनरी बढ़ाएं मगर निर्माण दाई कंपनी ने आदेश का अनुपालन नहीं किया, व्यारा के प्रधान ब्रिज लाल ने बताया कि निर्माण दाई कंपनी की मनसा अवरुद्ध मोटर मार्ग खोलने की नहीं है, जहां पोकलैंड मशीन पर



बकेट से मालवा हटाना था, वहां उन्होंने पोकलैंड मशीन पर ब्रेकर लगाया है इससे साफ जाहिर होता है इनकी मंशा सड़क मार्ग खोलने की नहीं है।

पूर्व प्रधान सैंजी सुंदर फर्स्वाण ने कहा निजमुला घाटी के 12 ग्राम सभाओं के 20 गांवों के ग्रामीणों की मुशिकलें बढ़ गईं हैं, जहां खाद्यान्न,बिजली पानी स्वास्थ्य का संकट उत्पन हो रहा है।साधन सहकारी बैंक के सचिव ने बताया घाटी में न तो बिजली है न ही नेटवर्क निजमुला घाटी का एक मात्र डीसीबी बैंक व साधन सहकारी बैंक भी बिना बिजली के बैंक संचालन करने दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बता दे कि आज कल शादियों का सीजन है और लोग बिना रुपयों के गांव वापस लौट रहे है। मोली के प्रधान भगत फर्स्वाण ने बताया घाटी में जरूरी वस्तुओ की सप्लाई भी ठप पड़ गई है।लोग तीन किमी पैदल जंगल के रास्ते आवाजाही करने के लिए मजबूर हैं बिडकुल विभाग पैदल रास्ता भी नहीं बना पा रही है।सड़क वंद होने से वीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी दिक्कतें आ रही है।

डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष निजमुला घाटी के सैंजी गांव, गौणा और निजमुला भी शादियां हैं। लोगों को शादी समारोह के लिए सामान गांवों तक पहंचाना भी चुनौती बना हआ है। बिडकुल विभाग के अवर अभियंता सचिन राठौर का कहना है कि सड़क को पैदल आवाजाही के लिए खोला जाएगा। ऊपर से रुक रुक कर पत्थर गिरने से कारण सड़क को सुचारु करना मुश्कल बना हुआ है। सड़क को जल्द सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाजपा की आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला में स्वदेशी के उपयोग पर दिया गया जोर

**नई टिहरी।** भाजपा की जिला स्तरीय 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' की कार्यशाला में भारत में निर्मित वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे साकार करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही यह भी कहा गया कि जल्द ही मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कर स्वदेशी जागरण अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।

# शहीद सूरज नेगी का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अक्टूबर में राइफलमैन सूरज सिंह नेगी ड्यूटी के दौरान क्रास फायरिंग में गोली लगने से वीर गति को प्राप्त हो गए, यह दुखद समाचार सुनकर क्षेत्र में मातम का माहौल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब जम्मू-कश्मीर के बारामूला से दुखद समाचार आया कि भारतीय सेना में तैनात राइफलमैन सूरज सिंह नेगी ड्यूटी के दौरान क्रॉस फायरिंग में गोली लगने से वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके बलिदान की सूचना मिलते ही कोटद्वार के लालपुर गांव में मातम छा गया है। बता दें, कोटद्वार पहुंचने पर हजारों लोगों ने भारत माता की जय और सूरज सिंह अमर रहें के नारों के साथ अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। सूरज के पार्थिव शरीर को शनिवार को अंतिम दर्शनों के लिए उनके लालपुर कोटद्वार स्थित आवास पर लाया गया, और रविवार सुबह कोटद्वार मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। 25 वर्षीय सूरज कोटद्वार के लालपुर के रहने वाले थे। वह गोरखा रेजिमेंट में तैनात थे। सीमा पर हुई क्रॉस फायरिंग में उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सूरज सिंह नेगी ने वर्ष 2021 में भारतीय सेना की गोरखा रेजीमेंट में भर्ती होकर देशसेवा की राह चुनी थी। बचपन से ही उनका सपना सेना में जाकर देश की सेवा करने का था। वह अविवाहित थे और परिवार में दो भाइयों में सबसे छोटे थे। वह सितंबर में ही छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे। उनके बलिदान की सूचना से पिता प्रेम सिंह, माता, भाई पंकज नेगी और परिजन गहरे सदमे में हैं। ग्रामीण भी इस दु:खद समाचार से व्यथित हैं।

# मैराथम में रघुवीर, मीनाक्षी प्रथम

## वन्य प्राणी सप्ताह के चौथे दिन नैनीताल में मैराथन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के वन्य प्राणी सप्ताह के चौथे दिन रविवार को प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में नैनीताल में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सांथ ही प्राणी उद्यान में नाटक मंचन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।



मैराथन दौड़ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व उपनिदेशक खेल विभाग व एशियन मैराथन चैम्पियन सुरेश पाण्डे तथा प्राणी उद्यान उपनिदेशक नैनीताल स्वाति ने हरी झण्डी दिखा कर किया। मैराथन दौड़ दो वर्गो स्कूली तथा ओपन वर्ग में आयोजित की गई। स्कूली मैराथन दौड़ का आयोजन बैण्ड स्टैण्ड, मल्लीताल से फांसी गधेरा तल्लीताल तक तथा वापस बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल तक 03 किमी का किया गया और ओपन मैराथन दौड़ का आयोजन बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल से पाईन्स तक तथा वापस पाइन्स से बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल तक 12 किमी का किया गया।

स्कूली मैराथन दौड़ में बालक वर्ग में रघुवीर प्रथम, कृष्णा जोशी द्वितीय तथा दीपक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। साथ ही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मीनाक्षी फर्त्याल, द्वितीय स्थान आरती और तृतीय स्थान जीया ने प्राप्त किया। ओपन मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में विपिन जोशी प्रथम, बृजेश कुमार द्वितीय तथा अमन बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में साधना ने प्रथम, मेघा ने द्वितीय और राधा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मैराथन में कुल 300 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया। इस दौरान रन टू लिव संस्था के संस्थापक हरीश तिवारी, बालम सिंह मेहरा, शाहीद रहमान, हसन रजा, अजय साह, विनोद पन्त, भूपाल नयाल, धीरेन्द्र भाकुनी, भरत भूषण अधिकारी, पंकज बर्गली, इन्तकाम आलम तथा पुलिस प्रशासन और चिकित्सा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

साथ ही कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वन्य प्राणी सप्ताह की थीम मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व विषय पर नाटक का मंचन प्रतियोगिता का आयोजन प्राणी उद्यान सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में बिशप शॉ स्कूल नैनीताल ने पहला, मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर ने दूसरा और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के रूप में डीएसबी परिसर के सगीत विभाग की असिस्टेंट प्रो. डा. संध्या मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन नैनीताल प्राणी उद्यान के बायोलॉजिस्ट अनुज काण्डपाल ने किया। नाटक मंचन में विभिन्न विद्यालयों के कुल 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालयों के कुल 100 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान नैनीताल का नि:शुल्क भ्रमण कराया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी आनन्द लाल, वन दारोगा जगदीश सिंह कोरंगा, वन आरक्षी नितिन मुकेश, अरविन्द कुमार, फार्मासिस्ट विक्रम सिंह मेहरा, आनन्द सिंह सहित हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नगरपालिका वन क्षेत्र और नैना वन क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रैली निकाल नशा मुक्ति का दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल एवं सिविल जज पारुल थपलियाल के निर्देश पर रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से समाज में बढ़ते नशे पर चिंता जाहिर कर इसे जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। यहां द्वितिय अपर सिविल जज विशाल ठाकुर, सविता चमोली, स्पेशल जज पॉक्सो मनमोहन सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी शर्मा, मोहम्मद इमरान खान, सिविल जज सीनियर डिविजन बुशरा कमाल, पीएलवी उमा भंडारी के अलावा शिक्षक नेहा जोशी, किरण पांडे, राजेंद्र प्रसाद आर्या समेत स्कूल के छात्र रैली में शमिल हुए। रैली न्यायालय जजी कोर्ट परिसर से नैनीताल रोड तक निकाली गई।

## एक नजर

### झील किनारे दीवारों के जीर्णोद्धार का रास्ता साफ

**भीमताल।** दीन दयाल पार्क के सौंदर्यीकरण और थाने के समीप झील किनारे गिरी दीवारों के पुनर्निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। जिला योजना मद के तहत दोनों प्रस्तावों को शासन से स्वीकृति मिल गई है। यह सफलता नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी की निरंतर कोशिशों का परिणाम है, जिन्होंने लंबे समय से इन मुद्दों को उठाया था। वर्षों से बदहाल पड़े दीन दयाल पार्क के जीर्णोद्धार के लिए पूरन बृजवासी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर 5 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। इसमें से पहली किस्त के रूप में 2.5 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वहीं झील किनारे थाने के पास गिरी दीवारों के पुनर्निर्माण के लिए तैयार 12 लाख रुपये के प्रस्ताव में से 6 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस पहल से पार्क की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ झील क्षेत्र की सुरक्षा और सौंदर्य में भी निखार आएगा। स्थानीय लोगों ने पूरन बृजवासी के प्रयासों की सराहना की है।

### लेकसिटी नैनीताल पर्यटकों से गुलजार

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों की भीड़ उमड़ने से सरोवर नगरी के पर्यटन स्थल गुलज़ार नजर आए। इधर बंगाली बंगाली सैलानी भी नगर सैर पर पहुंचे हुए हैं। जिस कारण नगर के पर्यटन कारोबारी खुश हैं। यह वीकेंड पर्यटन के लिहाज से उत्साहजनक रहा। शुक्रवार से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो रविवार तक जारी रहा और आने वाले दिनों मे भी सैलानियों की अधिक संख्या में आमद बने रहने की संभावना है। सैलानियों की आमद बढ़ने से नगर का मिजाज हसीन हो चला। नगर के बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है। पर्यटन स्थलों में भी खासी रौनक बनी रही। होटलों के अधिकांश कमरे ुल रहे और रेस्टोरेंट भी सैलानियों से पटे रहे। गिफ्ट सेंटरों में भी खासी भीड़ रही। स्नोव्यू, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन, केव गार्डन और मालरोड में बड़ी संख्या में सैलानी नजर आए। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड की रंगत भी निखरी हुई नजर आई, जबकि शाम के समय सूर्यास्त का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी हनुमानगढ़ी में नजर आए। पर्यटन कारोबारियों के मुताबिक पिछले तीन दिन से बंगाली सैलानियों की आमद बढ़ी है। जिस कारण पर्यटन कारोबारी उत्साहित हैं।

### सीओ अमित कुमारे ने चार्ज संभाला



**नैनीताल।** शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) अमित कुमारे ने नैनीताल में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे चंपावत मे कार्यरत थे। वर्तमान में उन्हें नैनीताल, लालकुआं और भवाली तीनों सर्किलों का प्रभार सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद सीओ अमित कुमारे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना, नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और अपराधों पर नियंत्रण रखना रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे टैक्सी चालक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में टैक्सी चालकों की समस्याओं का समाधान न होने पर रविवार को तल्लीताल टैक्सी स्टैंड में बैठक हुई। तय किया गया वह इस संबंध में सोमवार (आज) देहरादून में सीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौपेंगे। चालकों ने आरोप लगाया कि कुछ वाहन चालक चोरी-छिपे पुलिस से मिलीभगत कर बगैर चालान के शहर के अंदर टैक्सी चला रहे हैं, जबकि अन्य चालकों को चालान भरना पड़ रहा है। अब इस तरह की मनमानी और भेदभाव बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। तल्लीताल टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया छह अक्टूबर को टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारी देहरादून जाकर सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन सौपेंगे। इस मौके पर मोहन बाराकोटी, कुंदन बिष्ट, मनोज कुमार भट्ट, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस टीमों ने इमरजेंसी साइरनों को परखा

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत रविवार को जनपद के विभिन्न ज्वैलरी शोरुम में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीमों ने आवश्यक सुरक्षा मानकों के आधार पर ज्वैलरी शोरुम मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर चले चेकिंग अभियान के दौरान दुकानों में स्थापित सीसीटीवी और साइरनों की कार्यशीलता को परखा। खराब सीसीटीवी को ठीक करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के पुलिस सत्यापन चेंक किए गए।

### हवालबाग विकासखंड की टीम बनी विजेता

**अल्मोड़ा।** राजकीय इंटर कालेज नगरखान में जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष जोशी व राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल ने किया। ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक गणेश शाही ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयु वर्ग 17 में हवालबाग विजेता व द्वाराहाट विकासखंड की टीम उपविजेता बनी। वहीं, 14 आयु वर्ग में हवालबाग ब्लॉक विजेता व भैंसियाछाना की टीम उपविजेता रही। बालिकाओं की 17 आयु वर्ग में भैंसियाछाना की टीम विजेता और द्वाराहाट ब्लॉक की टीम उपविजेता बनी।

## व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के नव निर्चाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष सूरज जोशी ने कहा कि नई कार्यकारिणी पारदर्शिता और एकता के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करेगी। रविवार को ताकुला मार्ग स्थित एक पैलेस में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष सूरज जोशी, उपाध्यक्ष गिरीश बिष्ट, उपाध्यक्षा महिला माया गड़िया, महामंत्री देवेंद्र अधिकारी, सह सचिव योगेश पूना और कोषाध्यक्ष आलोक साह ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष खेतवाल और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई टीम नगर के व्यापारिक वातावरण को सशक्त बनाने, स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि व्यापार मंडल केवल व्यापारिक संगठन नहीं, बल्कि नगर के आर्थिक विकास की धुरी है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल कार्की ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, उपाध्यक्ष राजेंद्र परिहार, प्रदेश संगठन मंत्री हरीश सोनी, नवीन लाल साह, उमेश साह, किशन सोनी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# पिंक रैली: विशेषज्ञों ने दिया कैंसर से बचाव का संदेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अक्टूबर माह को ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आशा फाउंडेशन की ओर से रविवार को सरोवर नगरी नैनीताल में पिंक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच की महत्ता बताना था। रविवार सुबह डीएसए मैदान में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता और शहरवासी एकत्र हुए। मुख्य अतिथियों ने पिंक झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। रैली माल रोड से होते हुए इंडिया होटल तक पहुंची और वापस डीएसए मैदान में समाप्त हुई। इस दौरान नगर के सेंट मैरी स्कूल की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कैंसर



आशा फाउंडेशन की पहल से जागरूकता कार्यक्रम

जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के बाद अतिथियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट किए गए। इसके पश्चात विशेषज्ञों ने कैंसर की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान पर विस्तृत जानकारी दी।

लखनऊ किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के एंडोक्राइन विभागाध्यक्ष डा. आनंद मिश्रा ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर आज महिलाओं में सबसे तेजी से फैलने वाला कैंसर है, लेकिन शुरुआती चरण में इसकी पहचान होने पर यह पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को महीने में एक बार स्वयं स्तन परीक्षण अवश्य करना चाहिए और किसी भी असामान्यता पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए।

हल्द्वानी के चंदन हॉस्पिटल के कैंसर विशेषज्ञ डा. शशांक बंसल और यमुना विकास प्राधिकरण की एजीएम डा. स्मिता सिंह ने भी लोगों को कैंसर के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में बताया। आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा, जिन्हें पिंक लेडी आफ नैनीताल के नाम से जाना जाता है, ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 से इस रैली की शुरुआत की थी और तब से यह अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर ऐसा रोग है जिसके 70 से 80 प्रतिशत मामलों में शुरुआती लक्षण दिख जाते हैं। अगर महिलाएं जागरूक रहें तो इस बीमारी से बचना संभव है। उन्होंने युवाओं से भी इस मुहिम से जुड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कीर्ति, दीपक कुमार और प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस मौके पर एसडीएम नवाजिश खलीक, एसपी सिटी जगदीश चंद्रा, विधायक सरिता आर्या, नगरपालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, पर्यावरणविद् प्रो. अजय रावत, सीओ सिटी अमित कुमार, रेखा सांगवान, बिड़ला स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, डा. एमएस दुग्ताल, डा. अभिनव गंगोला, मुन्नी तिवारी, नीलू एलायंस, मारुति नंदन साह और ईशा साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टेनिस: दिनेश ने सुमित को किया पराजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपड़ाव में आयोजित आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट 200 के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गो के सिंगल्स एवं डबल्स मुकाबले खेले गए। वहीं बीती रात फ्लड लाइट में हुए मैच में दिनेश चंद्र सुयाल (दिल्ली) ने सुमित तिवारी (रामनगर) को करीबी मुकाबले में टाई ब्रेक में 10-7 से पराजित किया। आज खेले गए मुकाबलों में 30 आयु वर्ग में चंद्रिल सूद (उत्तर प्रदेश) ने विविध गुलाटी को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया। बता दे कि चंद्रिल सूद वर्तमान में सीनियर्स टेनिस में विश्व में 5वें तथा भारत में पहले स्थान पर हैं।



वहीं 50 आयु वर्ग में एम अंसारी ने अविनाश रस्तोगी को 7-5, 6-4 से हराया। 35 आयु वर्ग में एच अली ने आशीष बिष्ट को रोमांचक मैच में 4-6, 6-4, 10-8 से मात दी। 30 आयु वर्ग में लक्षित सूद नोएडा ने अभिषेक कुमार यादव रायबरेली को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से करारी शिकस्त दी। 40 आयु वर्ग में पंकज अहलावत ने सैयद साकिब अनवर को 6-3, 6-2 से हराया। 40 आयु वर्ग में फरीद उस्मानी ने देवेन्द्र सिंह बिष्ट को 6-0, 6-1 से पराजित किया। 50 आयु वर्ग में योगेश कोहली उत्तर प्रदेश ने मधुसूदन लिंगा हैदराबाद को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-10 से हराया। 40 आयु वर्ग में माही महेन्द्र ने मोहित सिंह राठौर उत्तराखंड को 6-3, 6-2 से पराजित किया। 65 आयु वर्ग में देवेन्द्र सिंह रावत ने कुलवंत सिंह रावत को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से हराया। 55 आयु वर्ग में ललित बेलवाल उत्तराखंड ने परमेश्वर नाथ त्रिपाठी को 6-4, 6-1 से और 45 आयु वर्ग में स्वर्णदीप सिंह ढोढी ने गौरव मिगलानी गोगो को 6-1, 6-2 से पराजित किया। 35 डबल्स में लोकेश चुग व सचिन कुमार की जोड़ी ने प्रशांत थपलियाल व शैलेंद्र सिंह सुरियाल को 6-2, 6-0 से मात दी। 45 आयु वर्ग में डीसी सुयाल गुड़गांव ने अमर जगाती नैनीताल को बेहद करीबी मुकाबले में 3-6, 6-2, 12-10 से हराया। 35 आयु वर्ग में दिनेश चन्द्र रेगर ने के सिंह को 6-3, 6-2 से पराजित किया। इस दौरान ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट, डीएनएस बिष्ट, हेम चंद्र पांडेय, बसंत बल्लभ जोशी, राघवेन्द्र साह, शंकर दत्त सती, कंचन लोहनी आदि मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**काशीपुर।** बाजपुर रोड पर रामपुरम में गायत्री शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा चैती मेला प्रांगण स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर से आरंभ हुई। कलश यात्रा में लगभग 500 महिलाएं श्रद्धा भाव से सिर पर कलश धारण किये चल रही थीं, इनमें अधिकांश महिलाएं नंगे पांव थीं। आज प्रात: 8 बजे से देव पूजन, गायत्री महायज्ञ तथा संस्कार (मुंडन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ व यज्ञोपवीत दीक्षा आदि) संपन्न हुए तथा सोमवार, 6 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को प्रात: 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा पूजन प्रारंभ होगा। शांतिकुंज से आए वरिष्ठ वक्ता बालक राम ने विस्तार से पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तथा वंदनीय माता भगवती का परिचय दिया।

# राज्य आंदोलनकारी घोषित किया जाए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी संगठन उत्तराखंड की बैठक रविवार को कुमाऊं मंडल अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जनपद अध्यक्ष गोविंद सिंह रावत लिट्टे ने किया। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने मांग की कि जिन राज्य आंदोलनकारियों का अभी तक चिन्हीकरण नहीं हुआ है, उनका शीघ्र चिन्हीकरण कर राज्य आंदोलनकारी घोषित किया जाए। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र ने राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए यहां चिन्हीकरण की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जानी चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से तरुण पाल को वंचित राज्य आंदोलनकारी संगठन



का जिला अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान जगदीश जोशी, सुनील शाह, दीवान शाही, शेर सिंह शाही, अर्जुन कन्याल, हरीश कुवर, जगत सिंह ठकुराठी, आन सिंह धामी, नवीन सिंह कफलिया, महिपाल कफलिया, ललित धामी और जगत मुनोला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर, दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चल रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 446वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान वंचित एवं चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों ने धरती मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

## झंडा पूजन के साथ वाल्मीकी प्रकटोत्सव शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** तल्लीताल स्थित वाल्मीकि मंदिर में शनिवार को झंडा पूजन व भजन संध्या के साथ वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। झंडा पूजन तलीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन शाह द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष धीरज कटियार, महासचिव संजय सिरोही, उपाध्यक्ष सतीश पवार, उपसचिव मोहित बेनीवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पवार समेत अध्यक्ष वाल्मीकि सभा गिरीश भैया, उपाध्यक्ष राजू सरदार, महासचिव दिनेश कटियार, पूर्व सरपंच मनोज पवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएसए मैदान में संघ ने किया शस्त्र पूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को डीएसए मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन और भगवा ध्वज फहराकर की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख राजेश ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के सौ वर्षीय गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के संघर्षों और संघ की स्थापना के उद्देश्य अखिल हिंदू समाज के उत्थान की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि प्रतिबंधों और कठिन दौर के बावजूद संघ ने राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने शताब्दी वर्ष के अवसर पर घर-घर जाकर लोगों को संघ से जोड़ने का आह्वान किया। साथ ही समाज में परिवर्तन लाने के लिए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वं बोध और नागरिक शिष्टाचार जैसे पंच परिवर्तन अपनाने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने डीएसए मैदान से मस्जिद तिराहा, बड़ा बाजार, जयलाल साह बाजार, अंडा मार्केट, गोलघर व मालरोड होते हुए तल्लीताल तक पथ संचलन किया।



इस दौरान मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पथ संचलन का समापन तल्लीताल जीजीआईसी में हुआ। इस दौरान कामेश्वर प्रसाद काला, नगर संघ चालक पीसी वेद, नगर कारवा दरबार सिंह गैड़ा, सह नगर कारवा भरत भट्ट, नगर विस्तारक हरिओम, जिला विद्यार्थी प्रचारक अमित, जिला व्यवस्था प्रमुख सर्व प्रिय, जिला सह बौद्धिक प्रमुख नवीन भट्ट, जगदीश, धर्मेश, प्रकाश कांडपाल, नत्थू सिंह, उमेश बिष्ट, संजीव मंडल समेत तमाम स्वयं सेवक शामिल रहे।

## फड़ व्यवसायियों को भेजे नोटिस का एसडीएम को दिया जवाब

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एसडीएम द्वारा फड़ व्यवसायियों को भेजे गए अतिक्रमण संबंधी नोटिस पर अब कानूनी प्रतिक्रिया सामने आई है। एडवोकेट अमरीश अग्रवाल ने अपने मुवक्किल शैलेन्द्र कुमार पुत्र बलराम सिंह एवं कायम अली पुत्र अख्तर हुसैन समेत 30 फड़ संचालकों की ओर से एसडीएम काशीपुर को साढ़े चार हजार पन्नों का जवाब भेजा है। जवाब में कहा गया है कि एसडीएम कार्यालय से 20 सितंबर 2025 को पत्रांक संख्या 1371 एवं 1394 के माध्यम से जारी नोटिस विधिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि यह मामला पहले से ही उच्च न्यायालय उत्तराखंड में विचाराधीन है। इस याचिका में नगर निगम काशीपुर भी पक्षकार है और इसमें निगम का काउंटर एवं याची का रिजोएंडर दोनों ही न्यायालय में दाखिल किए जा चुके हैं। कहा गया है कि नगर निगम काशीपुर की बोर्ड बैठक 28 मार्च 2017 को प्रस्ताव संख्या 213 पारित किया गया था, जिसके तहत जेल रोड स्थित फड़ व्यवसायियों के वास्तविक आंकलन के आधार पर किराया 1040 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया था, साथ ही तकनीकी विभाग को दुकानों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया था। कहा कि यह प्रस्ताव आज भी प्रभावी है और फड़ व्यवसायी उसी के आधार पर अपना कार्य कर रहे हैं। कहा कि संबंधित संपत्ति नगर निगम सीमा क्षेत्र में आती है, जिस पर कार्रवाई का अधिकार केवल नगर निगम को है, न कि एसडीएम को। अत: एसडीएम द्वारा जारी किया गया नोटिस अधिकार क्षेत्र से परे और विधिक रूप से निरस्त करने योग्य है। उन्होंने कहा कि उक्त नोटिस पब्लिक प्रिमाइसेस एक्ट 1972 के अंतर्गत भी नहीं आता, इसलिए इस अधिनियम के तहत किसी कार्रवाई की प्रक्रिया लागू नहीं होती।

# नशे से दूर रहने के उपाय बताए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार की अध्यक्षता में सिविल जज (सी.डि.)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पारुल थपलियाल के द्वारा जिला मुख्यालय के दिवानी न्यायालय परिसर (सिविल कोर्ट परिसर) से नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली का शुभारंभ प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया जिसमें परिवार न्यायालय सुधीर तोमर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, सीनियर सिविल जज हर्ष यादव,



सिविल जज जूनियर डिवीजन उर्वशी रावत, प्रथम अपर सिविल जज रुचिका गोयल, द्वितीय सिविल जज स्नेहा नारंग व अपर जिलाधिकारी विवेक राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सोहन तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेमा शर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रीत भट्ट, रिटेनर फ्रंट ऑफिस तारा आर्य, यशवंत कुमार, अंबिका, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज, चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कालेज, मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर व विशप शॉ तल्लीताल के अध्यापक व छात्र-छात्राओं द्वारा रैली में प्रतिभा किया गया। जागरूकता रैली सिविल कोर्ट परिसर से प्रारंभ होकर माल रोड होते हुए चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कालेज के सभागार में समाप्त हुआ। वक्ताओं द्वारा नशे के खिलाफ व नशीली दावओं के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी देते हुए समाज से नशे को दूर करने के उपाय के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। विद्यालयों व अध्यापकों को सदैव विधिक कार्यो में पूर्ण भागीदारी करने के लिए प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। जागरूकता रैली में कार्यालय वरिष्ठ सहायक प्रवेश चौधरी, अमित डसीला,पंकज प्रसाद, मनोज बलसुनि, मनोज पाठक, प्रेम बिष्ट, पीएलवी नेहा आर्या, किरन चौधरी, ज्योति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में अवैध निर्माण पर प्रशासन का शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाजार क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण एवं जल निकासी कार्य के लिए चिन्हित सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की शिकायतों को देखते हुए प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। शनि बाजार क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान राजस्व टीम ने सीमांकन किया, जिसमें सड़क एवं नाली के लिए निर्धारित भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण पाया गया। टीम ने सीमांकन के बाद अतिक्रमित भाग को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया और सार्वजनिक मार्ग को भी अतिक्रमण मुक्त कराया। वही विकास प्राधिकरण की टीम ने बिना स्वीकृति एवं मानकों के विपरीत अवैध रूप से बनाये गए भवनों को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी देखने में आया कि एक भवन में ट्रांसफार्मर से सीधे विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत चोरी की जा रही थी। इस पर विद्युत विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया और विद्युत चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण या किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में संबंधित विभागों की और से कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ताकि सड़क चौड़ीकरण एवं जल निकासी जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं में कोई बाधा न आए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, तहसीलदार कुलदीप पांडे सहित राजस्व, विकास प्राधिकरण और विद्युत विभाग की टीम मौजूद रही।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाना कनखल के सामने किया प्रदर्शन

# भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही हैं आपराधिक घटनाएं : मुरली मनोहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने कनखल में आपराधिक घटनाएं बढ़ने का आरोप लगाते हुए थाना कनखल के सामने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। जिसके कारण आमजन में भय व्याप्त है और महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के कारण त्यौहारों के समय में महिलाएं और बच्चे घर से बाहर निकलने में भय महसूस कर रहे हैं। यदि जल्द ही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा तो कांग्रेस बड़े आंदोलन को बाध्य होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी और पूर्व पार्षद उपेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जिसके कारण आए दिन आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। धर्मनगरी में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से शहर में अराजकता का माहौल बना हुआ है और अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। पूर्व पार्षद राजीव भार्गव और युवा नेता हिमांशु राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ते नशे से अपराध बढ़ रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि अवैध नशे के कारोबार पर लगाम लगाए। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना और पूर्व यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नितिन तेश्वर ने कहा कि यदि जल्द ही आपराधिक घटनाओं पर लगाम नहीं लगी तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ा आंदोलन करेंगे। पार्षद हिमांशु गुप्ता और ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि कनखल में लगातार बढ़ती चौन स्नैचिंग की घटनाओं से महिलाओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। महानगर कांग्रेस महासचिव विजय प्रजापति और महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार न भय न भ्रष्टाचार का नारा देकर सत्ता में आई, जबकि इस सरकार में भय भी व्याप्त है और भ्रष्टाचार भी चरम पर है। प्रदर्शन में पार्षद सोहित सेठी, पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ वशिष्ठ, पार्षद प्रतिनिधि अकरम अंसारी, धनीराम शर्मा, उत्कर्ष वालिया, मुन्ना मास्टर, मनीष गुप्ता, भूषण शर्मा, आशु श्रीवास्तव, सुंदर मनवाल, ऋषभ अरोड़ा, विक्रम शाह, नकुल माहेश्वरी, शिवा लोधी, मोहित अरोड़ा, सुनील प्रजापति, दिग्विजय जेपी, विनय मिश्रा, पूर्व पार्षद सुहैल कुरैशी, मुकुल अरोड़ा, अभिषेक मिश्रा, पवन अरोड़ा, गवाक्ष जोशी, मयंक कश्यप, यश शर्मा, हरीश अरोड़ा, अज्जू खान, अंकित चौधरी, विशू भारद्वाज, अमित भारद्वाज, राजेश नैथानी, अरविंद गर्ग, करन सिंह राणा, सार्थक ठाकुर, अनिल ठाकुर, जासिद अंसारी, आशीष शर्मा आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।




# लक्सर रोड पर आया हाथियों का झुंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बीती रात लक्सर रोड पर जगजीतपुर और मिस्सरपुर के बीच अचानक हाथियों का झुंड आ गया। रात के वक्त सड़क पर छह हाथियों के झुंड को देखकर दोनों और वाहन थम गए। सड़क के दोनों और वाहन चालक हाथियों के सड़क पार करने का इंतजार करते रहे। हाथी रिहायशी इलाकों की ओर से आ रहे था। लोगों के सूचना देने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। गनीमत रही कि इस दौरान हाथियों ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि हाथियों को आबादी में आने से रोकने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे है। टीमों की तैनाती भी की गयी है। हाथियों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए 9 किलोमीटर लंबी सेफ्टी वॉल बनाई जाएगी। गौरतलब है कि लकसर रोड़ से सटे गांवों में आबाद हुई आवासीय कालोनियों में हाथी रोजना चहलकदमी कर रहे हैं। जिसको लेकर लोगों में भय बना हुआ है।



# मासिक संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पूर्व केंद्रीय शस्त्र बल कार्मिक संगठन की मासिक संगोष्ठी का आयोजन भेल स्थित सीआईएसफ कैंप परिसर में किया गया। राजेंद्र बाबू पुष्कर की अध्यक्षता व संगठन सचिव राजीव शर्मा के संचालन में आयोजित संगोष्ठी में सदस्यों ने अपनी समस्याओ से अवगत कराने के साथ कई विषय रखे। संगठन के अध्यक्ष एड. रूपचंद आजाद ने समस्याओं समाधान व निराकरण के लिए की जानें वाली कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी समस्याओं का सिलसिलेवार निराकरण कराया जाएगा। इसके लिए व 8 अक्तूबर को संगठन के पदाधिकारियों के साथ देहरादून में सीजीएचएस निदेशक से मुलाकात करेंगे और हरिद्वार में एक डिस्पेंसरी व हरिद्वार तथा रूड़की के एक-एक निजी अस्पताल को पैनल में शामिल करने के विषय पर वार्ता करेंगे। इस अवसर पर सुभाष कपूर, राजकुमार रवि, एसडी शर्मा, गिरीश प्रसाद, बाबू राम, जयप्रकाश, मामचंद, कपिल शर्मा, बलविंदर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ऋषिकुल पुल पर बाइक में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऋषिकुल पुल पर बाइक में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने बाइक में लगी आग बुझायी। जानकारी के मुताबिक मेरठ निवासी विकास अपनी बाइक लेने हरिद्वार आए थे। बाइक पर हरिद्वार से मेरठ के लिए रवाना हुए विकास ऋषिकुल पुल पर पहुंचे ही थे कि चलते-चलते अचानक बाइक में आग लग गयी। आग लगने पर विकास बाइक से कूदकर अलग हो गए। बीच पुल पर बाइक में आग लगने से अफरातफरी मच गयी। मौके पर लोगों की भीड़ गयी। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग बुझने तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ



# विधिक जागरूकता शिविर में छात्रों को दी कानून की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय जागरूकता समिति के संयोजन में हरिओम सरस्वती पीजी कालेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को यातायात कानूनों, सोशल मीडिया, साइबर क्राइम आदि के विषय में जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्य परिवहन कर अधिकारी रविंद्र पाल सैनी ने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इससे हम स्वयं के साथ दूसरों की भी सुरक्षा सकते हैं। दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा। यातायात पुलिस निरीक्षक संदीप नेगी ने कहा कि अपने घर परिवार और आसपास के लोगों को कानून के प्रति जागरूक करे। जागरूकता ही बचाव है। पिरान कलियर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग संभलकर करें। किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंद कर भरोसा ना करें। भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ललित मिगलानी ने सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मौज मस्ती और अपराध में मामूली से अंतर है। कई बार मौज मस्ती अपराध में बदल जाती है। युवाओं को इससे बचना चाहिए। भारतीय उत्थान परिषद के अध्यक्ष डा.अंकित सैनी ने कहा कि प्रत्येक युवा कानून के प्रति जागरूक रहे और कानून का सम्मान करें।

शिविर की अध्यक्षता कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डा.अजयवीर सिंह पुंडीर उसने कहा कि कोई भी अपराध होने पर कानून की सहायता लेनी चाहिए और कभी भी कोई झूठी शिकायत ना करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि एडवोकेट रमन सैनी, यातायात पुलिस उप निरीक्षक राकेश थपलियाल, यातायात पुलिस उप निरीक्षक रमेशचंद्र पंत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डा.योगेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डा.रविंद्र कुमार, डा.जयदेव कुमार, डा.सुरभि सागर, डा.स्वाति, डा. रिमझिम पुंडीर, अमित कुमार, अंकेश चौहान आदि मौजूद रहे।



# वाहन चोरी के आरोपी को दबोचा पुलिस ने स्कूटी व बाइक की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी व बाइक बरामद की है। 7 जुलाई को ज्वालापुर निवासी सीताराम ने स्कूटी चोरी और 3 अक्तूबर को कोटरवान निवासी प्रशांत गर्ग ने बाइक चोरी का मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद एआई रविंद्र जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रेगुलेटर पुल के निकट चौंकिंग के दौरान फरीद पुत्र शाहिद निवासी गायत्री विहार ग्राम सराय कोतवाली ज्वालापुर को चोरी की स्कूटी समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुरानी नहर पटरी से झाड़ियों से चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली। पुलिस टीम में हे.कां. प्रमोद पुरोहित व कां. सुरेंद्र तोमर व बृजमोहन शामिल रहे।



### पुलिस ने साइबर फ्रॉड एवं नशे के खिलाफ

# चौपाल लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर में पुलिस ने साईबर, फ्रॉड, एव नशे के खिलाफ चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी प्रतिष्ठित लोगों, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य व अन्य लोगों सहित मातृ शक्ति द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने गोष्ठी में उपस्थित सभी जनता से नशा मुक्त समाज हेतु सहयोग मांगते हुए पथरी पुलिस द्वारा क्षेत्र में हो रही छोटी-छोटी घटना की सूचना पुलिस को देने को कहा गया। चौपाल में उपस्थित मातृ शक्ति व सभी लोगों द्वारा पुलिस को हर संभव सहयोग देने को कहा गया। चौपाल में नशे व साइबर अपराधों एव ओटीपी बैंक विवरण या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई। यदि किसी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो तुरंत हेल्पलाइन नम्बर1930 पर सूचना देने के बारे में उपस्थित व्यक्तियों को अवगत कराया गया तथा ग्राम प्रधानों को अपने-अपने ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई। सभी ग्राम प्रधानों द्वारा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा जल्द ही अपने-अपने ग्राम सभा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत को अपने ग्राम में एक समिति का गठन करना होगा। क्षेत्र में बढ़ रहा नशा व साइबर फ्रॉड के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे साथ ही साथ पुलिस को भी अवगत कराएंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान, ग्राम सदस्य एव ग्रामीण व महिलाए उपस्थित रहे।



### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने भगवान चित्रगुप्त कथा का किया आयोजन

# भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थ समाज के ही नहीं, सभी समाज के आराध्य : सुबोधकांत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भूपतवाला स्थित चित्रकूट आश्रम के सामने गंगा घाट पर चित्रगुप्त कथा का भव्य आयोजन किया गया। श्री चित्रगुप्त पीठ वृंदावन, मथुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री चित्रगुप्ताचार्य डा.स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त महाराज ने विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया। कथा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय भी शामिल हुए। इस दौरान देश भर से आए कायस्थ समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सुबोधकांत सहाय ने कहा कि ब्रह्मा के मानस पुत्र और कायस्थ समाज के आदिपुरूष तथा जीवों के कर्मो का निष्पक्ष लेखा जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त न्याय के देवता हैं। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थ समाज के ही नही, बल्कि समाज के सभी लोगों के आराध्य हैं। गंगा तट पर भगवान चित्रगुप्त की कथा का हर वर्ष आयोजन किया जाना चाहिए और इसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कथा के भव्य आयोजन के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव एवं उनकी टीम के बधाई भी दी। कथाव्यास चित्रगुप्ताचार्य डा. स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त महाराज ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त ज्ञान और विद्या के भी देवता हैं। उनकी पूजा से विद्यार्थियों में एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है। यम द्वितीया (भाई दूज) पर कायस्थ समाज के लोग भगवान चित्रगुप्त की विशेष आराधना करते हैं। इसके पूर्व शनिवार को श्री चित्रगुप्त गंगा आरती के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व एनयूजे आई उत्तराखंड के प्रदेश कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा ने फूल माला, स्मृति चिन्ह भेंटकर कथाव्यास का स्वागत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मोहन कुलश्रेष्ठ, मुकेश श्रीवास्तव, कार्यवाहक अध्यक्ष जस्टिस लोकपाल, ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, इंडिया न्यूज के मैनेजिंग एडिटर राकेश सिंह, राष्ट्रीय जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष मोहित नवानी, मुकेश कुमार, राजनीतिक प्रदेश अध्यक्ष रवि शरण, सुशील सक्सेना, गगन श्रीवास्तव, वीके निगम, प्रखर मिश्रा, पियुष निगम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# शांतिभग में युवक का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव बुक्कनपुर में एक युवक आने जाने वाले व्यक्तियो के साथ गालीगलौज कर हंगामा कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। युवक का शांतिभाग में चालान किया गया है। पुलिस के अनुसार गांव बुक्कनपुर में एक युवक नशे में आने जाने वाले व्यक्तियो के साथ गालीगलौज कर हंगामा कर रहा था इसकी सूचना पथरी पुलिस को दी सूचना पर उपनिरीक्षक अजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुँचे पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया मगर युवक नही माना पुलिस युवक को थाने लाकर पूछताछ की पूछताछ में युवक ने अपना नाम जोनी 32वर्ष पुत्र विक्रम निवासी बुक्कनपुर पथरी बताया पुलिस ने आरोपी का शांतिभाग में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने इसकी पुष्टि की है।

# कटारपुर गोलीकांड प्रकरण के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव कटारपुर में एक युवक को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने दो अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से देशी तमंचा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 25 सितम्बर देर रात को रविदास मंदिर के पास अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र एव अनुज कुमार पुत्र पोपिंद्र निवासी कटारपुर ने मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। अनुज ने तमंचा निकालकर अर्जुन को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर फरार हो गया था। पुलिस ने घायल की पत्नी मनीषा की तहरीर पर सात नाम जद के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए पथरी अध्यक्ष ने टीमो का गठन किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के ठिकानों पर दबिश दी गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर शुभम 26 वर्ष पुत्र पोपिन्दर, अमरीश 27 वर्ष पुत्र किरत निवासी कटारपुर को किशनपुर कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अमरीश के पास से देसी तमंचा 12 बोर व कारतूस बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

पथरी थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कटारपुर गोली कांड प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से देसी तमंचा कारतूस बरामद किया गया आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।




### आरएसएस ने धूमधाम से मनाया संघ शताब्दी विजयदशमी उत्सव

# 100 वर्षों से समाज में फैली बुराइयों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है संघ : लोकेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार नगर की हरकी पैड़ी बस्ती द्वारा मायादेवी मन्दिर प्रांगण में संघ शताब्दी विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शस्त्र पूजन किया गया। इस दौरान दिवगंत स्वयंसेवकों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके उपरांत स्वयंसेवको ने पथ संचलन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कई पीढ़ियों के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर हरिद्वार विभाग कार्यवाह लोकेंद्र ने संघ की 100 वर्षो की गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए हरिद्वार मन्दिर शाखा के 83 वर्ष पूर्ण होने तथा विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम स्वयंसेवक बने और संघ के इस शताब्दी वर्ष को एक उत्सव में बदलने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार विचार आता है कि डा. हेडगवार ने विजयदशमी के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। इसलिए विजयदशमी का यह दिन हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। विजयदशमी प्रतीक है बुराई पर अच्छाई की जीत अधर्म पर धर्म की जीत का। दशहरे पर रावण को जलते हुए हमने देखा है और रावण का जो शाब्दिक अर्थ है जितनी भी बुराइयां, अत्याचार और दुराचार हैं, उनका समूचा नशा कर विजय प्राप्त करना। उन्होंने बताया कि इसी तरह संघ भी 100 वर्षो से समाज मे फैली बुराइयों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। संघ ने 100 वर्ष पूर्ण होने पर समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों के पालन, स्वाधारित जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण के बिना हमारा भविष्य खतरे में पड़ सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमायादेवी मन्दिर के मुख्य पुजारी महंत भाष्कर गिरी ने कहा कि सनातन संस्कृति को बचाने का जो काम संघ कर रहा है वह सहरानीय है। भगवा हमारी पहचान है, हिन्दू संस्कृति परम्पराओं का प्रतीक है।

इसके उपरन्त स्वयंसेवको ने मायादेवी मंदिर से भार्गव वाली गली होते हुए हरकी पैड़ी तक पथ संचलन किया। इस दौरान दिवंगत स्वयंसेवकों की स्मृति में बाजारों में सुंदर गेट सजाए गए और जगह जगह स्वयंसेवको पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मोती बाजार ठंडे कुएं पर ढोल नगाड़ों व शंखनाद से स्वयंसेवको का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह डा. अनुराग, सह कार्यवाह अभिषेक व बलदेव, शारीरिक प्रमुख उमेश, अर्पित, प्रचार प्रमुख अमित शर्मा, दीपक भारती, संजीव दत्ता, गौरव भारद्वाज, मनीष, विशाल, आशुतोष शर्मा, डा.संदीप कपूर, डा.प्रशांत पालीवाल, नागेश वर्मा, प्रदीप कालरा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### कश्यप समाज आश्रम के वार्षिक सम्मेलन में शिक्षा पर जोर

# पढ़ें और आगे बढ़ें कश्यप समाज के युवा : कश्यप

**समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कश्यप समाज आश्रम हरिद्वार के 35वें वार्षिक सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा पर जोर दिया गया। कश्यप समाज के युवाओं से आह्वान किया गया है वे पढ़ें और आगे बढ़ें। समाज के कक्षा दसवीं व बारहवीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मृति चिंह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। रविवार को महर्षि कश्यप घाट पर हुए सम्मेल में बतौर मुख्य अतिथि सतीश कुमार कश्यप ने कहा कि समाज शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है, जबकि, शिक्षा के बिना कोई भी समाज राजनीतिक और सामाजिक विकास नहीं कर सकता है, इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। जिला पंचायत सदस्य अंकित कश्यप ने कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। कहा कि युवा समाज का विकास करने के लिए आगे आएं। अजीतपुर के पूर्व प्रधान मायाराम कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज उत्तराखंड में लाखों की संख्या में रहता है, लेकिन, समाज को राजनीति के क्षेत्र में महत्व नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने एकजुटता से प्रदेश और देश की राजनीति में अपना हिस्सा पाने की अपील की, इसलिए, समाज आपसी मतभेद भुलाकर एक होकर राजनीति करे। इस मौके पर कश्यप समाज आश्रम हरिद्वार के अध्यक्ष बुद्ध सिंह कश्यप, महामंत्री जुगेंद्र सिंह कश्यप, अंकुश राज, पवन कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, राजबीर कश्यप, बिशनपाल कश्यप, चन्द्रमा प्रसाद, रवि कश्यप, शिव कुमार कश्यप, अजय कश्यप आदि मौजूद रहे।



# सरेआम लड़ाई झगड़ा कर कर रहे 10 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सड़क पर सरोआम लड़ाई झगड़ा कर माहौल खराब कर रहे 10 लोगों को थाना सिडकुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। शनिवार की रात कुछ लोग सड़क पर आपस में लड़ाई झगड़ा और हुड़दंग कर रहे थे। राहगीरों ने इसका विरोध करते हुए समझाने का प्रयास किया। लेकिन झगड़ कर रहे लोग नहीं माने। इस पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने .अंकुर सैनी पुत्र प्रेमचन्द्र सैनी निवासी मुबारकपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर यूपी हाल निवासी मिनाक्षीपुरम कालोनी सिडकुल, सुमित पुत्र धीरेन्द्र, मोहित सैनी पुत्र धीरेन्द्र सैनी निवासी सुखेडी थाना गंगोह जिला सहारनपुर हाल निवासी नेहरु कालोनी सिडकुल, निखिल पुत्र अरुण कुमार निवासी विलासपुर थाना मण्डावर बिजनौर हाल निवासी महादेवपुरम सिडकुल, दीपक शर्मा पुत्र गंगादास निवासी चरौली निवादा थाना भुराकला मुजफ्फरनगर हाल निवासी महादेवपुरम नेहरु कालोनी सिडकुल, दीपक शर्मा पुत्र सतेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम मथना थाना असमोली जिला सम्भल हाल निवासी महादेवपुरम सिडकुल, केशव शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी पेली सतुपरा थाना असमोली जिला सम्भल उ.प्र. हाल निवासी नेहरु कालोनी सिडकुल, गौरव शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी पेली सतुपरा थाना असमोली जिला सम्भल उ.प्र. हाल निवासी नेहरु कालोनी सिडकुल, अजय कुमार पुत्र जगराम निवासी मस्जिदीया थाना गौरा चौराहा जिला बलरामपुर उत्तर प्रदेश हाल पता महादेवपुरम सिडकुल, नन्दलाल पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी खेरा बाजार थाना कठेला जिला सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश हाल पता महादेवपुरम सिडकुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल बिष्ट, कांस्टेबल कुलदीप डिमरी, पीआरडी जवान राकेश कुमार शामिल रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# टिहरी में आज से शुरू हो रहा 10 दिवसीय सरस आजीविका मेला

■ डीएम नितिका खंडेलवाल ने मुनिकीरेती स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा
मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जनपद में आज से शुरू हो रहे 10 दिवसीय सरस आजीविका मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मेला स्थल पूर्णानंद स्टेडियम, मुनिकीरेती पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया और अधिकारियों से समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंच व्यवस्था, मेला पांडाल, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न विभागों के स्टॉल, विद्युत एवं पेयजल की आपूर्ति, शौचालय, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और प्रचार-प्रसार की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि मेला सफल और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सभी स्टॉल्स की सजावट, सुरक्षा और सुविधा संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरस आजीविका मेला न केवल स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन का मंच है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले में आने वाले आगंतुकों के लिए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ए.के. सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए पी.एस. चौहान, जिला विकास अधिकारी मो. असलम, उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, खंड विकास अधिकारी श्रुति वत्स, नगर पालिका मुनिकीरेती की अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरस आजीविका मेला टिहरी जनपद की हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय संस्कृति को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पोषण माह पर क्वानु में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** परियोजना चकराता के आंगनवाड़ी केंद्र क्वानु में शनिवार को पोषण माह के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम जसवाल ने किया। इस दौरान महिलाओं को संतुलित आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर सुशीला राणा और अनीता कंबोज ने ग्रामीण महिलाओं को मोटे अनाजों (मिलेट्स) के सेवन के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और नंदा गौरा योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोद भराई रस्म भी विधिवत रूप से संपन्न की गई, जिसमें प्रतिभागी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां शीला तोमर, झूलो, ललिता, रेखा, प्रियंका, अनीता, आशा, सुनीता, प्रीति तोमर, हेमा आदि उपस्थित रहीं।

# हरि सिंह राणा जीवनवृत्त आधारित लघु स्मारिका हुआ विमोचन

**उत्तरकाशी:** वयोवृद्ध हरि सिंह राणा के जीवनवृत्त व उनके कार्यों आधारित लघु स्मारिका का हनुमान मंदिर में विमोचन किया। रविवार को जिला मुख्यालय उत्तरकाशी स्थित हनुमान मंदिर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 91 वर्षी वयोवृद्ध हरि सिंह राणा पूर्व ब्लॉक प्रमुख डुंडा, अध्यक्ष अष्टादश महापुराण यज्ञ समिति हनुमान मंदिर उत्तरकाशी आधारित लघु स्मारिका विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।राजेन्द्र सिंह रावत, मनीष राणा,समेत भारी संख्या में लोग मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ. शम्भू प्रसाद नौटियाल ने किया।

# धोखाधड़ी के आरोपियों से पाई पाई वसूलेगी सरकार, विपक्ष की चिंता ढोंग: चौहान

■ कहा - जनता को भाजपा की जीरो टॉलरेंस की सरकार पर पूर्ण भरोसा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर लगाए कांग्रेसी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सरकार हर मामले से कठोर और पारदर्शी कार्रवाई कर रही है और विपक्षी नेताओं को बेवजह चिंता का ढोंग रचने की जरूरत नहीं है। जनता को भाजपा की जीरो टॉलरेंस की सरकार पर पूर्ण भरोसा है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर पाई पाई धोखाधड़ी करने वालों से वसूलकर जनता को वापिस भी दिलाया जाएगा।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के आरोपों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि सच यह है कि इस समय विपक्ष देश और राज्य मे भाजपा सरकार की उपलब्धियों से पूरी तरह से बौखलायी हुई है। देश की तरह प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास के नित नए आयाम छू रहा है, उससे प्रदेशवासियों में आत्मविश्वास का संचार हुआ है। विगत कुछ वर्षों में अनेकों ऐतिहासिक, साहसिक, नवाचार और दूरदर्शी निर्णयों से राज्य की तस्वीर विकसित और आर्थिक दृष्टि से समृद्धता वाली



बनी है। विकास और विरासत की स्वर्णिम उपलब्धियों के साथ आम आदमी की जिंदगी में बड़ा सार्थक बदलाव आया है।

उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि लगता है जनता और प्रदेश की यह तरक्की कांग्रेस पार्टी के राजनैतिक एजेंडे पर सहूलियत भरा नहीं है। यही वजह है कि उनके नेता रोजाना तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। जो भी आरोप उन्होंने लगाए हैं, उनमें से किसी के पक्ष में वे एक भी सबूत पेश नहीं कर पाए हैं और न ही उन्होंने न्यायालयों का रुख किया। कांग्रेस पत्थर फेंककर भागने की नीति पर काम कर रही है। जबकि प्रदेश ने देखा कि राज्य के इतिहास में भ्रष्टाचार पर सबसे अधिक और सबसे कड़ी कार्रवाई यदि किसी के शासन में हुई तो वह मुख्यमन्त्री धामी की सरकार है। जो छोटी मछली पकड़ने का तंज कसते थे, वे बड़े बड़े मगरमच्छों को पकड़ने पर चुप्पी साधे हैं। लेकिन जनता को सीएम धामी और भाजपा की सरकार पर भरोसा है कि गड़बड़ी के छोटे से छोटे मामले में भी बड़ी से बड़ी कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटने वाले।

उन्होंने धोखाधड़ी के आरोपों पर पलटवार कर कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही है और धामी सरकार कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा, इस मामले में भी कानून अपना काम कर रहा है, ऐसे में नेताओं को सब्र रहने की जरूरत है।

वहीं भरोसा दिलाया कि इस मामले में भी जो भी दोषी होगा, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, सरकारी हो या गैरसरकारी, कठोरतम सजा उसे दिलाई जाएगी। विपक्ष कि चिंता की जरूरत नहीं है, जनता की पाई पाई, गबन करने वालों से वसूली जाएगी।

एक नजर .......

## पी.एम. श्री इंटर कॉलेज क्वांसी में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**चकराता।** पी.एम. श्री इंटर कॉलेज क्वांसी में खत विशलाड़ के कर्मचारी संगठन द्वारा करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य निर्माण के अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विनय शर्मा, खेल विशेषज्ञ अर्जुन दत्त शर्मा, बैंक विशेषज्ञ पूरण सिंह पंवार और विद्यालय के प्रधानाचार्य यशपाल सिंह राणा ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर करियर चयन में मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण को जीवन में सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 के टॉपर छात्रों जयवीर कुमार (कक्षा 12) और अनमोल सागर (कक्षा 10) को 2500 की नगद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकम सिंह राणा ने की, जबकि संचालन अर्जुन दत्त शर्मा (प्रवक्ता) ने किया। पूर्व पीटीए अध्यक्ष सूर्यपाल चौहान, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चौहान और शिक्षक केशवराम शर्मा ने भी विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय समिति के संरक्षक जवाहर सिंह पंवार, सूर्यपाल चौहान, अजब सिंह चौहान, जयपाल सिंह चौहान, विनोद तोमर, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह चौहान, उज्ज्वल वर्मा सहित कक्षा 11 व 12 के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चकराता में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**चकराता।** श्री सत्य साई सेवा समिति ओली चकराता के तत्वावधान में विवेकानंद हॉस्पिटल द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 47 लोगों का पंजीकरण कर उनकी आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान जरूरतमंद लोगों को दवाइयां वितरित की गई, साथ ही नजर के चश्मों के नंबर भी दिए गए, जिनके चश्मे आगामी शिविर में वितरित किए जाएंगे। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गौरव ने मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 17 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनमें से 15 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन हेतु विवेकानंद हॉस्पिटल भेजा गया। कार्यक्रम में समिति के संयोजक सूरज प्रकाश कौल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा रामपुर शंकरपुर, सिंहनीवाला, धर्मावाला आदि में चलाया गया सत्यापन अभियान, उल्लंघन कर्ताओ के विरुद्ध की गई पुलिस एक्ट में की चालानी कार्यवाही, पुलिस ने 15 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर 150,000 रूपये का चालान न्यायालय तथा 81 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत 3000 रुपये का वसुला गया तथा 5 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर की गई पूछताछ। थानाध्यक्ष ने बताया कि सत्यापन कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# क्वांटम युग पर विज्ञान संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** कैंट इंटर कॉलेज चकराता में शनिवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड के तत्वावधान में "क्वांटम युग का आरंभ' संभावनाएं और चुनौतियां" विषय पर ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगोष्ठी का संचालन विकासखंड समन्वयक संजय कुमार मौर्य ने किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान मानव जीवन को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने का माध्यम हसंगोष्ठी में प्रतिभागियों ने क्वांटम टेक्नोलॉजी विषय पर चार्ट, पोस्टर और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 21 माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

निर्णायक मंडल में तिलक सिंह चौहान (सह-समन्वयक), इंद्रेश कोठारी (वरिष्ठ सहायक, खंड शिक्षा कार्यालय), रूप राम नेगी, प्रियंका चौधरी, नीलम तोमर और हरेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में अंशिका नेगी (राजकीय इंटर कॉलेज क्वानू) ने प्रथम, सुमित चौहान ने द्वितीय और सार्थक राणा (अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लाखामंडल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# स्व.असीम आहलूवालिया की स्मृति में रक्तदान शिविर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जनपद शाखा उत्तराखंड द्वारा स्व. असीम आहलूवालिया की स्मृति में तीसरा रक्तदान शिविर सैंट एनीस स्कूल नेहरू कालोनी में लगाया गया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष श्री मोहन खत्री ने रक्तदाताओं से अपील कि वे जो अपना रक्तदान कर रहे हैं उससे कोई न कोई परिवार लाभान्वित होगा।उनके परिवार में खुशियों का उजियारा आयेगा।

रक्तदान ऐसा दान है जो परिवारों में खुशहाली लाता है। स्व. असीम अहलूवालिया के पिता श्री राहुल आहलूवालिया ने आम जनमानस से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के



लिए कैंप लगवाने की अपील की। जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सके।

स्व असीम आहलूवालिया की माता श्रीमती सीमा आहलूवालिया ने अपने पुत्र को याद करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को याद रखना चाहिए कि अपना रक्तदान करने से हम किसी न किसी परिवार को आशा की किरण पहुंचा रहे हैं जिससे परिवार में खुशियां आ सके।

इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में अमित भंडारी पार्षद नगर निगम,अजीत रावत पूर्व डिप्टी मेयर, सौरभ, संजीव कुमार, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, मेजर मृणाल नेगी, अलका दत्ता, अल्का लांबा, संचित गुप्ता, राजकुमार, अभिषेक गुप्ता, दीपराम, संजीव तलवार,ताजिन्दर सिंह, नरेन्द्र नौटियाल, भूपेश नेगी, आलोक गर्ग, विकास शर्मा, राजेन्द्र बिष्ट, राजेन्द्र रावत, प्रमोद तिवारी, मनोज सिंह, आदि के द्वारा रक्तदान किया गया

जिसमें 101 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ।इस अवसर पर मनमोहन कंडवाल अध्यक्ष बार एसोसिएशन और नीनू सहगल नेता प्रतिपक्ष भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संजय रावत ने देवभूमि ब्लड सेंटर की तरफ से अहम भूमिका निभाई।

# आरएसएस ने शताब्दी वर्ष पर सहिया में किया पथ संचलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** जनजातीय क्षेत्र जोनसार के केंद्र बिंदु सहिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहिया द्वारा संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन कार्यक्रम किया गया। पथ संचलन से पूर्व सभी स्वयं सेवक मंडी परिसर में एकत्रित हुए और ध्वजारोहण किया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात अमृत वचन, एकल गीत व बोधिक जो कि सह विभाग प्रचारक देहरादून सौरभ द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना सौ वर्ष पूर्व विजयादशमी के दिन 1925 में डॉ हेडगेवार के नेतृत्व में नागपुर में हुई। कहा कि



संघ की स्थापना एक छोटे से स्थान से आज दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन गया है।

बोधिक के बाद सहिया मंडी से पथ संचलन शुरू होकर समाल्टा रोड, मुख्य बाजार होते हुए वापिस मंडी परिसर में समापन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचार प्रमुख विक्रम बिष्ट, कालसी खण्ड संचालक सुशील अग्रवाल, जिला कार्यवाह गोपाल, खण्ड कार्यवाह अक्षय नेगी, खण्ड शारीरिक प्रमुख संदीप, मनोज, विपिन, संजय वर्मा, गीता राम, दौलत भारती, राजेश जैन, मनोज गुप्ता के साथ कई स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

# पीबीओआर ने धूमधाम से मनाया चौथा स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन पछवादून ईकाई का चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामशरण नौटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, साथ ही इस दौरान पीबीओआर के केन्द्रीय अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट और पूर्व विधायक कुलदीप कुमार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत व नृत्य से भाव विभोर किया। वहीं कार्यक्रम में



मौजूद अतिथियों ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के साथ ही देश की रक्षा में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया। बता दें कि पीबीओआर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन पूर्व सैनिकों के कल्याण के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अहम योगदान निभा रही है। जिसके चलते क्षेत्र में ही अब पूर्व सैनिकों को विकासनगर में कई तरह की सुविधाएं मिलने लगी है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कई काम कर रही है, जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। कहा कि उनकी ओर से क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए सैनिक स्कूल और केन्द्रीय स्कूल की मांग की जा रही है, जिस पर सरकार को भी पहल करनी चाहिए। संगठन ने बच्चों के साथ वीर नारियों को सम्मानित किया।इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात, भूपेन्द्र डोगरा, अध्यक्ष पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन विकासनगर, पालिका अध्यक्ष विकासनगर धीरज बॉबी नौटियाल, पालिका अध्यक्ष हरबर्टपुर नीरू देवी, पूर्व प्रधान सूरत सिंह चौहान, कैप्टन चंदन सिंह, कैप्टन सुरेश चंदेल आदि मौजूद रहे।

# श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का कबड्डी चौंपियन बना साहिया पीजी कॉलेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**साहिया।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2025 की अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 सितम्बर को सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया में सम्पन्न हुआ। लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी साहिया महाविद्यालय को मिली।

प्रतियोगिता में गढ़वाल मंडल के विभिन्न महाविद्यालयों की 24 टीमों ने प्रतिभाग किया। महिला वर्ग में 10 टीमों के मध्य हुए मुकाबले में आयोजक महाविद्यालय




साहिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता, जबकि आर.सी.यू. पीजी कॉलेज उत्तरकाशी उपविजेता रहा। पुरुष वर्ग में भी साहिया महाविद्यालय ने अपनी गत वर्ष की चौंपियनशिप बरकरार रखी और फाइनल में पंडित ललित मोहन शर्मा, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश को 35-17 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।साहिया महाविद्यालय के 6 छात्रों का चयन श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की टीम में नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में गोविन्द चौहान, रोहित नेगी, ध्रुव नेगी, नीरज तोमर, अभिनव शर्मा मुख्य 12 सदस्यीय टीम में शामिल किए गए हैं, जबकि राहुल सिंह तोमर का चयन अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में हुआ है।

महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने विजेता टीम और चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि साहिया महाविद्यालय खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच देने में निरंतर अग्रसर है।

# 73 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप

■ प्रधानों ने की धनराशि अवमक्त करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** विकास खण्ड चकराता की 73 ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि अवमुक्त न होने से ग्राम पंचायतों के विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं।

इसको लेकर ग्राम पंचायत डेरियो के प्रधान सुरेन्द्र सिंह चौहान ने जिला पंचायती राज अधिकारी, देहरादून को एक ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

प्रधान चौहान ने अपने ज्ञापन में कहा कि देहरादून जनपद के अन्य विकास खण्डों में उक्त मदों से धनराशि जारी होने के बाद कई ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि कुछ स्थानों पर कार्य पूरे भी हो गए हैं।

लेकिन विकास खण्ड चकराता में अब तक राशि जारी न होने से जनहित के कार्य बाधित हैं।

उन्होंने कहा कि नई निर्वाचित पंचायतों के पदभार ग्रहण किए हुए एक माह से अधिक हो चुका है, फिर भी ग्राम पंचायतों के खातों से धनराशि आहरित नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीण विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इससे क्षेत्र के प्रधानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। चौहान ने मांग की कि जिला प्रशासन तत्काल एडीओ पंचायत चकराता को आदेश जारी कर तीन दिवस के भीतर पंचायतों में कार्य प्रारंभ करवाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जनप्रतिनिधि विवश होकर एडीओ पंचायत के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। आज जिला पंचायत राज अधिकारी देहरादून से संपर्क किया गया है उन्होंने कहा है कि सोमवार से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा तथा किसी भी प्रधान को किसी प्रकार की समस्या आती है तो आप हम से सम्पर्क कर सकते हैं।

# कौशल विकास पर विशेष जोरः रावत

## यूओयू में उच्च शिक्षा मंत्री ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य सरकार उच्च शिक्षा में कौशल विकास को प्राथमिकता दे रही है। माध्यमिक शिक्षा स्तर पर किए गए सफल प्रयोगों को अब विश्वविद्यालयों में भी लागू किया जा रहा है, और विश्वास जताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय 2027 तक नैक से ए ग्रेड प्राप्त करेगा। इसके साथ ही सभी 13 जिलों में विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाएगा और देहरादून में अतिरिक्त भूमि दी जाएगी। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में रविवार आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा स्तर पर इस दिशा में किए गए



प्रयोग सफल सिद्ध हुए हैं, और अब विश्वविद्यालय स्तर पर भी इन प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है। विश्व. विद्यालय में ट्रांजिट हॉस्टल और साउंडप्रूफ ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। साथ ही संस्कृति अकादमी में भी विश्वविद्यालय को स्थान मिलेगा। डा. रावत ने कहा कि सरकार अब तक विश्वविद्यालय को रुपये 116 करोड़ की सहायता दे चुकी है और लक्ष्य है कि इसे राज्य का शीर्ष विश्वविद्यालय बनाया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय को अर्धसैनिक बलों, सैनिकों और पुलिस जवानों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों से एमओयू करने का सुझाव दिया। साथ ही शिक्षकों के आपसी सहयोग से टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद सांसद अजय भट्ट ने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना की और इसे उत्तराखंड की पहचान बनाने वाला संस्थान बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. लो. हनी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर कुलसचिव खेमराज भट्ट सहित दर्जा राज्यमंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल व विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, प्राफेसर, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंडलसेरा को जलभराव से जल्द मिलेगी निजात

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मंडलसेरा के निवासियों को अब जल्द जलभराव से मुक्ति मिलेगी। बाढ़ सुरक्षा योजना से सुरक्षा दीवार व पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम होंगे। आपदा न्यूनीकरण मद से 75 लाख की धनराशि मिल चुकी है। बता दें कि विगत लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे मंडलसेरा के निवासियों को अब जल्द निजात मिलने की संभावना दिखाई दे रही है। जल निक. ासी तथा आवासीय भवनों से रिसने वाले पानी की निकासी के लिए आपदा न्यूनीकरण निधि से सुरक्षा दीवार लगाई जाएगी। इसके लिए सरकार ने पहली किस्त के रूप में 75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है, शेष धनराशि भी जल्द मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में कुंती तथा दुगाड़ नाले की निकासी नहीं होने से बारिश के दिनों में यह नाले मंडलसेरा क्षेत्र के निवासियों के लिए कहर बरपाती है। विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने



जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जलभराव के बाद वे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। तब विधायक पार्वती दास, जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने मानसूत्र सत्र खत्म होने के बाद समस्या के समाधान का भरोसा दिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनहित को देखते हुए 187.73 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति की है। जिसके सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 75.09 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति मिली है। इस उपलब्धि को लेकर मंडलसेरा निवा. सियों ने विधायक पार्वती दास का आभार वक्त किया।

## एक नजर

### पटवारी की आकस्मिक मौत पर शोक

**बागेश्वर।** काफलीगैर तहसील में तैनात पटवारी क्षेत्र असों, किशोर कांडपाल पुत्र सुरेश कांडपाल (38) जो कि कठपुड़ियाछीना में अपने परिवार सहित रहते थे। कल रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे खाना खाने वक्त अचानक बीमार होने से उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय बागेश्वर लाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया वह अपने पीछे अपनी पत्नी, बारह साल की पुत्री व नौ साल के पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गए। वे मूल रूप से गरुड़ मटेना के निवासी थे। आज डॉक्टर चंद्र मोहन भैसोड़ा ने शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया और उनके निधन पर पटवारी संघ और तहसील प्रशासन ने गहरा दुख व्यक्त किया तथा परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**बागेश्वर।** नदीगांव स्थित शनि मंदिर प्रांगण में शेर सिंह मटियानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सैमदेव मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष दयाल पांडे, उपाध्यक्ष विवेक दफौटी, सचिव कमल परिहार, कोषाध्यक्ष, रोहित पन्त, सह सचिव भुवन जोशी, स्टोर कीपर अमन कांडपाल चुने गए तथा बैठक में पुरानी कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना की गई।

### 26 पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कपकोट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 4 अक्टूबर 2025 को नियमित चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार यूके 02 बी 4849 से 26 पेटी अवैध शराब बरामद कर दो 19 वर्षीय युवकों को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब में 11 पेटी मैक्डवल न.1 रम, 5 पेटी बीयर और 10 पेटी 8 8 पीएम गोल्ड व्हिस्की शामिल हैं। आरोपी तनुज गढ़िया उर्फ तारा, निवासी लीली और सुमित शाही, निवासी अशो, दोनों कपकोट क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके खिलाफ थाना कपकोट में आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उ.नि. जगत सिंह बाफिला, हे.का. लक्ष्मण सिंह और का. अशोक टम्टा शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

**बागेश्वर।** जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आगाज ताइक्वांडो एकेडमी द्यांगण में शुरू हो गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अनिल कार्की और सचिव दरवान सिंह परिहार ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने को कहा। हार–जीत खेल का हिस्सा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में परिहार ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें बेहतर मंच की जरूरत है। एकेडमी ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सेंसर कोर्ट सुविधा दे रही है। इससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी। वहां भी वह बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। अध्यक्ष कार्की ने बताया कि प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### प्रधान ने बीडीओ से की चार्ज दिलाने की मांग

**काशीपुर।** ग्राम पंचायत फिरोजपुर से निर्विरोध निर्वाचित ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से ग्राम पंचायत के अभिलेखों व सामान का चार्ज दिलाने की मांग की है। बीडीओ ने शीघ्र चार्ज दिलाने का आश्वासन दिया। ग्राम फिरोजपुर की निर्विरोध निर्वाचित ग्राम प्रधान अंशु ने बीडीओ को दिए पत्र में कहा कि वह ग्राम पंचायत फिरोजपुर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्विरोध ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई। 27 अगस्त 2025 को उसने पद व गोपनीयता की भी शपथ ले ली। साथ ही 28 अगस्त को ग्राम पंचायत की प्रथम विशेष बैठक भी संपन्न हो चुकी है। आरोप लगाया कि पंचायत के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए सभी अभिलेखों व सामान का चार्ज अभी तक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया है। जिससे पंचायत के काम करने में दिक्कतें हो रही हैं। ग्राम प्रधान ने तीन दिन के अंदर चार्ज देने की मांग की है। मामले की शिकायत राज्य निर्वाचन आयुक्त से भी की गई है।

### सफाई कर्मचारियों का सम्मान

**काशीपुर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए ग्राम करनपुर में सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर गांव में कार्यरत 10 सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवाभावी सरदार गुरमुख सिंह ने सफाई कर्मियों का सम्मान करते हुए कहा कि समाज की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था में उनका योगदान सबसे अहम है। सूर्या फाउंडेशन के उत्तराखंड क्षेत्र प्रमुख हिमांशु ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। इस अवसर पर सूर्या कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिका अमनदीप कौर भी उपस्थित रही। सूर्या फाउंडेशन लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्थान के कार्यों से ग्रामीण समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। करनपुर में आयोजित यह सम्मान समारोह न केवल सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ाने वाला रहा बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि हर कार्य की गरिमा और महत्व होता है।

# फूलमाला, रोली एवं चंदन से शस्त्रों का पूजन किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** बद्रेश्वर बस्ती स्थित आरएसएस की श्रीराम शाखा की ओर से रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व के अवसर पर पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीआईसी मैदान में पवित्र भगवा ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ। जिसके बाद स्वयंसेवकों ने श्रद्धा एवं परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन किया। जिसमें फूलमाला, रोली एवं चंदन से अपने–अपने शस्त्रों का पूजन कर आत्मरक्षा, सेवा और राष्ट्र समर्पण का संकल्प लिया। मौके पर जिला प्रचार प्रमुख डा. राजेंद्र जोशी ने संघ के शताब्दी वर्ष एवं पंच परिवर्तन योजना पर विस्तृत बौद्धिक प्रवचन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संघ की यह सौ वर्ष की यात्रा केवल संगठन की नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की यात्रा है। प्रार्थना प्रमुख कैलाश गुरुरानी द्वारा सामूहिक प्रार्थना कराई गई। मुख्य शिक्षक आशीष गुरुरानी द्वारा शाखा संचालन किया गया। स्वयंसेवकों ने आगामी गृह संपर्क अभियान एवं सामाजिक सद्भाव बैठकों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया। यहां शाखा कारवाह विनय वर्मा, मेयर अजय वर्मा, रवि रौतेला, अजय वर्मा, मनीष जोशी (मंटू), मनोज जोशी, राजीव राज गुरुरानी, भुवन चंद्र जोशी, पंकज लटवाल, मयंक सिंह, सागर वर्मा, चंदन बगड़वाल, प्रदीप सिंह नेगी, शुभम रौतेला, मयंक रौतेला, कृष्ण बहादुर आदि शामिल रहे।

# अनीस गौड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ दो दिवसीय कुमाऊं दौरे के तहत रविवार को हल्द्वानी पहुंचे। इस अवसर पर मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन के लाइन नंबर 16 स्थित आवास पर आयोजित किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और नारों के साथ गौड़ का अभिनंदन किया। इसी दौरान अनीस गौड़ ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें समाज के वंचित




वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयास है कि समाज का हर वंचित तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़े। गौड़ ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे मुस्लिम समाज को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलाएं और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियां अल्पसंख्यक समाज को गुमराह करती आई हैं, जबकि भाजपा सरकार ने इस वर्ग के लिए वास्तविक रूप से काम किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतज़ार हुसैन ने भी बैठक को संबो. धित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव निकट हैं और ऐसे में कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा से जुट जाना चाहिए ताकि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनवाई जा सके। इस मौके पर इसरार हुसैन, ज़हीर अंसारी, अली नकवी, महबूब अली, अनीस इंजीनियर, तरन्नुम खान, मो. अनवार, अब्दुल अहद, शानू खान, शन्नू खान, यूसुफ खान मौजूद रहे।

### समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग

**अल्मोड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौखुटिया में व्यापत विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन शुरु कर दिया है। रविवार को क्रमिक अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों ने कहा कि सीएचसी चौखुटिया क्षेत्र के डेढ़ लाख से अधिक की आबादी के लिए एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र है। स्वास्थ्य केंद्र में समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं होने से आए दिन गंभीर मरीजों की जान पर बन आती है। आंदोलनकारियों ने बताया कि बीते दिनों सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज स्वास्थ्य केंद्र में ओटी बनाने, आईसीयू और एनआईसीयू की स्थापना करने, सीटी स्कैन समेत अन्य आधुनिक मशीनें लगाने समेत अन्य मांगें की है। चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल शुरु कर दी जाएगी।

# डा. उषा पैथलैब का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी स्थित डीएनबी कॉम्प्लेक्स में रविवार को डा. उषा पैथलैब का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के कर–कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। लैब के संचालक डा. नीलांबर भट्ट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस पैथलैब का मुख्य उद्देश्य आमजन को उच्च गुणवत्ता की डायग्नोस्टिक सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि मजदूरों, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय वर्ग के लिए जांच दरों में विशेष छूट की व्यवस्था की गई है। डा. भट्ट ने कहा कि उनकी पत्नी डा. उषा भट्ट जो हाल ही में एसएसजी बेस अस्पताल, हल्द्वानी से सेवानिवृत्त हुई हैं, अपने दीर्घकालीन अनुभव व सेवा–भावना के साथ अब सामा. जिक योगदान के लिए तत्पर हैं। यह पैथलैब उन्हीं के नाम पर समर्पित है। शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा जब निजी क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक सेवा भावना से कार्य करते हैं, तो यह सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करता है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि डा. नीलांबर भट्ट वर्षों से



चिकित्सा क्षेत्र में समर्पित सेवा दे रहे हैं और यह पैथलैब केवल हल्द्वानी ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। इस मौके पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, तरुण बंसल, मदन फर्त्याल, प्रदीप बिष्ट, राहुल झींगरन, एपी बाजपेई, डा. पीसी फुलेरिया, डा. धीरेन्द्र बनकोटी, डा. संजय सिंह, सीएमओ डा.हरीश पंत, डा. अनवर, डा. सुबा. ध गुरुरानी, डा. उपेंद्र ओली, डा. कुसुम ओली, एचडी भट्ट, शरद, दीपक चंद्रा, खुशी, चंद्रकला, काजल रहे।

# विवेकानंद परिसर में संघ ने किया पथ संचलन

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर नगर के मंडलसेरा बस्ती द्वारा विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद परिसर मंडलसेरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक अल्मोड़ा विभाग (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) कमल रहे। उन्होंने संघ के कार्यों, इतिहास एवं समाज निर्माण में संघ की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होते हुए सामाजिक समरसता, राष्ट्र सेवा एवं सांस्कृतिक जागरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। पथ संचलन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासन के साथ नगर भ्रमण किया, जिससे समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यवाह अब्बल सिंह तोपाल, नगर कार्यवाह तारा शंकर पाठक, सागर, मनमोहन भाकुनी, मुख्य शिक्षक गणेश धपोला पंकज मनराज, दीपक घस्याल, मनोज, गौरव आदि मौजूद रहे। इधर देर शाम को चौरासी सरस्वती शिशु मंदिर से स्वयंसेवकों ने पथ संचयन कार्यक्रम किया।

# खेलों में स्याल्दे ओवरऑल विजेता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**द्वाराहाट।** जनपद स्तरीय प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं ताड़ीखेत में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई हैं। इन प्रतियोगिताओं में विकासखंड द्वाराहाट और स्याल्दे के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में स्याल्दे ब्लॉक ओवरऑल विजेता तथा द्वाराहाट ब्लॉक उपविजेता रहा। इस अवसर पर दोनों ब्लॉकों के सभी विजेता बच्चों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वंदना रौतेला ने कहा कि बच्चों द्वारा किया गया यह उत्कृष्ट प्रदर्शन ब्लॉक खेल समन्वयकों और उनकी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने राज्य स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रेषित कीं। इस उपलब्धि पर विकासखंड स्याल्दे के उप शिक्षा अधिकारी प्रज्ञानंद पालिहा, द्वाराहाट व स्याल्दे के ब्लॉक खेल समन्वयक डा. बलवंत अधिकारी एवं जगत सिंह रावत, ब्लॉक समन्वयक दीपक पाण्डेय, तथा प्राथमिक एवं जूनियर शिक्षक संघों के पदाधिकारियों विना. द थापा, ललित पालीवाल, रमेश वर्मा, दयाल सिंह, ललित मोहन, पुष्कर सिंह, पंकज पंत, गिरधर राणा, राजेंद्र जोशी सहित तमाम अधिका. रियों, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### छात्र महासंघ चुनाव के लिए नौ को मतदान

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि अल्मोड़ा में छात्र महासंघ चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी होगी। इसके लिए परिसर प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। आठ अक्टूबर को महासंघ के लिए दावेदार नामांकन करेंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष, महासि. चव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए महासंघ चुनाव होंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने बताया कि इन दिनों परिसर में अवकाश है। सोमवार को परिसर खुलेगा। इसी दिन महासंघ चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। बताया कि आठ अक्टूबर को चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन किए जाएंगे। नौ को मतदान होगा और इसी दिन मतदान के बाद मतगणना होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल–9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गरबा–डांडिया का रंगारंग उत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** श्री मारुति इंटरनेशनल स्कूल जवाहर नगर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर एक भव्य गरबा और डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लता उपाध्याय, विद्यालय प्रबंधक सुमित सांगुड़ी एवं प्रधानाचार्या अं. कता सांगुड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं महिलाओं ने पारंपरिक रंग–बिरंगे परिधानों में संगीतमय गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालबद्ध कदमों, मनमोहक वेशभूषा और मधुर संगीत से वातावरण उत्सवमय हो गया। मुख्य अतिथि डा. गणेश उपाध्याय ने सभी को नवरात्रि




की शुभकामनाएं देते हुए कहा डांडिया केवल नृत्य नहीं, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामूहिक ऊर्जा का उत्सव है। यह पर्व उल्लास, ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि लता उपाध्याय ने डांडिया की प्रतीकात्मकता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रिंसिपल अंकित सांगुड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चुना। प्रतियोगिता में दीपक जीना और लताशा जोशी डांडिया क्वीन, खिलेश पाठक डांडिया किंग, मुबारक बेस्ट कोरियोग्राफर चुने गए जबकि फ्यूजन ग्रुप, जवाहर नगर को उत्कृष्ट ग्रुप डांस के रूप में चुना गया। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन पाठक द्वारा किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान तारा पाण्डे, दीपा कांडपाल, नरेंद्र पाठक उपस्थित रहे।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग**

पत्रांकः–398 / स0अ0–द्वितीय / टी–4 दिनांकः–04.10.2025

निविदा सूचना संख्या– 09 / स0अ0–द्वितीय / 2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.10.2025 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें तथा प्रपत्र दिनांक 04.10.2025 से 17.10.2025 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदा की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला योजना पर्यटन के अन्तर्गत | | | | | |
| 1 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग ग्राम पंचायत बगोली में भैरव मन्दिर तोक परिसर में सौन्दर्यीकरण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग ग्राम पंचायत तोक में प्राचीन शिव मन्दिर परिसर एवं धारा का सौन्दर्यीकरण। | 15000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 3 | विकास खण्ड कर्ण प्रयाग ग्राम राभा रिरण में शिवालय मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 4 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग ग्राम एरवाडी स्थित ऐतिहासिक राज राजेश्वरी माता मन्दिर प्रांगण व धर्मशाला का निर्माण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 5 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तार्गत ग्राम धनपुर गौचर में मां उफराई देवी मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 6 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग के देवली बगड में राफ्टिंग डेक हेतु सुरक्षा दीवार व रास्ते का निर्माण। (जोब नं0 01) | 15000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 7 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग के देवली बगड में राफ्टिंग डेक हेतु सुरक्षा दीवार व रास्ते का निर्माण। (जोब नं0 02) | 15000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 8 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग के देवली बगड में राफ्टिंग डेक हेतु सुरक्षा दीवार व रास्ते का निर्माण। (जोब नं0 03) | 15000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 9 | विकास खण्ड नारायण बगड ग्राम पंचायत गडकोट में यात्री शैड का निर्माण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 10 | विकास खण्ड नारायण बगड के ग्राम हरमनी तल्ली के देवी धार में मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 11 | विकास खण्ड नारायणबगड के ग्राम स्वान तल्ला के देवी धार में मां भगवती मन्दिर का सौन्दर्यीकरण। | 12000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 12 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग के ग्राम नौटी में उफराई ठांक में मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण। (एस0सी0पी0) | 18000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 13 | विकास खण्ड नारायण बगड ग्राम पंचायत खैनोली में ईको पार्क का निर्माण। (एस0सी0पी0) | 15000.00 | 04 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| जिला योजना (प्रा0शि0) | | | | | |
| 14 | विकास खण्ड थराली के रा0प्रा0वि0 जबर कोट वृहद मरम्मत। | 21000.00 | 04 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 15 | विकास खण्ड कर्णप्रयाग में रा0प्रा0वि0 मझखोला भवन वृहद मरम्मत। | 21000.00 | 04 माह | 1000+18% GST | डी अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग



# भारत ने पाक को दिया 248 का लक्ष्य

**विमेंस वर्ल्डकप**

**● हरलीन देओल ने 46, ऋचा घोष ने नाबाद 35 रन बनाए डायना बेग ने 4 विकेट झटके**

**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 248 रन का टारगेट रखा है। कोलंबो में खेले जा रहे इस मुक. ाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर आलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा राड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए। नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले। लगातार चौथे संडे को भारत- पाकिस्तान की भिड़ंत हो रही है। इससे पहले 28 सितम्बर, 21 सितम्बर और 14 सितम्बर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। भारत ने 46वें ओवर में 7वां विकेट गंवाया। यहां दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें डायना बेग ने नतालिया परवेज के हाथों कैच कराया। 45वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर स्नेह राणा (20 रन) को फातिमा सना ने कैच कराया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने स्मृति मंधाना (23 रन) को भी आउट किया। 43वें ओवर में भारतीय बैटर स्नेह राणा की कमर पर चोट लगी। ऐसे में ट्रीटमेंट के लिए फिजियों को मैदान पर आना पड़ा। 35वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां जेमिमा राड्रिग्ज 32 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें नाशरा संधू ने पगबाधा आउट कर दिया। कीड़ों के कारण दूसरी बार खेल रोकना पड़ा। इनसे परेशान होकर खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए हैं। पिछली बार पाकिस्तानी प्लेयर्स स्प्रे का छिड़काव करते नजर आई थीं।

34वें ओवर की पहली बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर हरलीन देओल 46 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें रमीन शमीम ने नाशरा संधू के हाथों कैच कराया। 33वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हरलीन देअल ने फातिमा सना की आखिरी बाल पर एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 30वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज को दूसरी बार जीवनदान मिला। इस बार वे रनआउट होने से बच गई। उन्होंने नाशरा संधू की तीसरी बाल पर मिडऑफ की ओर खेलकर रन लेना चाहा, लेकिन दूसरी ओर हरलीन ने रन लेने से इनकार कर दिया। तब तक जेमिमा आधी पिच तक निकल आई थी। गनीमत रही कि पाकिस्तानी विकेटकीपर समय पर बाल को स्टंप से नहीं मार सकीं। 27वें ओवर में जेमिमा राड्रिग्ज आउट होने से बच गईं। वे डायना बेग की चौथी बाल पर विकेटकीपर सिद्रा नवाज को कैच थमा बैठीं। फील्ड अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया। वे पवेलियन लौटती, इससे पहले थर्ड अंपयर ने उस बाल को अमान्य करार दिया। उसके बाद राड्रिग्ज ने फ्री हिट पर चौका लगाया। 25वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान हरमनप्रीत कौर 19 रन बनाकर आउट हुईं।

## महिला विश्व कप में भारत और पाक की कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे। यह फैसला दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाक के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### लंबी कूद में जिलेइडे ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण और तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और फातमा अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता। 2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा।

### श्रीलंका ने कोचिंग पैनल में फेरबदल किया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए तहत जूलियन वुड को नया बल्लेबाजी कोच और रेन फर्डिनेंड्स को स्पिन गें. दबाजी कोच नियुक्त किया है। वुड टीम के साथ एक साल के अनुबंध पर नए बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि फर्डिनेंड्स, विशेषज्ञ स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के साथ मिलकर नए स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। यह जोड़ी थिलिना और पियाले की जगह लेगी। दोनों कोच अनुभवी हैं और उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मजबूत बनाने का भरोसा दिया है। श्रीलंका क्रिकट ने विज्ञप्ति में कहा कि वुड अपने साथ अपार अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने पहले इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड , ग्लूस्टरशायर सीसीसी, हैम्पशायर सीसीसी, मिडलसेक्स आदि के साथ रहे।

## 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे रवींद्र जडेजा

**● जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वें इस क्लब में चौथे सदस्य बन सके**



**नई दिल्ली, वार्ता।** अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ष्अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें। उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं। इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ़ अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं। 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82-37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अ(शतक शामिल हैं।

## शेष भारत को हराकर विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी



**● हर्ष दूबे ने शानदार गेंदबाजी कर चार विकेट हासिल किए, विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरानी ट्रॉफी अपने नाम की**

**नागपुर, वार्ता।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुए। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया।

## श्रीकांत की सनसनीखेज हार



**● मलेशिया के ऐदिल ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में श्रीकांत को हराकर अपने करियर की बड़ी जीत दर्ज की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अल ऐन मास्टर्स 2025 शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जिसमें कौशल और सहनशक्ति दोनों की परीक्षा हुई। जहां अनुभवी सितारों ने विश्व स्तरीय बैडमिंटन की झलकियां दिखाईं, वहीं युवा खिलाड़ियों ने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक के रूप में, अल ऐन मास्टर्स उभरते हुए शटलरों को रैंकिंग में ऊपर उठने और उच्च स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता रहा है। यह वर्ष भी कोई अपवाद नहीं रहा, खलीफा बिन जायद हॉल में अंतिम दिन से पहले कई महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले। मलेशिया के ऐदिल शोलेह ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 भारत के किदांबी श्रीकांत को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शोलेह, जो अब एक स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, के लिए यह पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स में रजत पदक जीतने के बाद उनके करियर का दूसरा सुपर 100 फ़ाइनल होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में, फ़िनलैंड के विश्व नंबर 54 खिलाड़ी जोआकिम ओल्डॉर्फ ने वियतनाम के हाई डांग गुयेन को 21-17, 21-17 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। यूरोपीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, फ़िनिश शटलर अब अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में पहुंच गए हैं।

## घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन को तैयार भारत

**● बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटे है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी**

**गुवाहाटी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहा. सिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंत. राल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है जिसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोलरग प्रारूप में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है, जिसमें प्रत्येक मैच में 45 अंकों की दौड़ होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि बीएआई द्वारा गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा, उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और नॉक-आउट चरण में, भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है, जिसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। शया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा, जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं, वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं। बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

## संतुलन जीवन का आधार फिटनेस से आता है: डा. मनसुख मांडविया

**● मांडविया ने विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज सुबह यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया।

यह कार्यक्रम देश भर में 10,500 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। इस फिटनेस मुहिम में दिल्ली के शिक्षकों, एथलीटों, फिटनेस प्रभावितों और युवाओं सहित एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इसमें ओलंपिक पदक विजेता अभिषेक नैन, भारतीय हॉकी टीम के एक प्रमुख सदस्य, शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव, उभरते हुए भाला फेंक स्टार सचिन यादव और भारत के पुश-अप मैन कहे जाने वाले रोहताश चौधरी शामिल थे। इसमें शिक्षकों को समर्पित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक, योग सत्र, रस्सी कूद, फिटनेस गेम्स और बच्चों के लिए भागीदारी क्षेत्र भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस पहल को एक सच्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से, 10,500 से ज्यादा स्थानों पर लाखों नागरिक हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चला रहे हैं। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए फिट इंडिया विजन का उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक शारीरिक गतिविधि के लिए एक घंटा भी समर्पित करे, तो भारत विकसित भारत के सपने की ओर और भी मजबूत, स्वस्थ और एकजुट होकर आगे बढ़ेगा। आज इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साइकिल के पैडल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाते हैं कि हम संतुलन बनाए रखकर ही आगे बढ़ते हैं। यह संतुलन जीवन का आधार है और यह फिटनेस से आता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया , योगा. सन भारत और माई भारत के सहयोग से आयोजित साइकि. लिंग अभियान ने अब भारत के सबसे प्रभावशाली फिटनेस अभियानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना ली है।

## इगा-सबालेंका वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

**● सबालेंका और स्वियाटेक और कोको 1000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ईनाम को भिड़ेगी**





**वुहान, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को शनिवार को 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विपरीत हिस्सों में रखा गया है। चीन के शीर्ष खिलाड़ी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे।

स्थानीय पसंदीदा झेंग किन. वेन ने चोट से उबरने के लिए शुक्रवार को नाम वापस ले लिया। उनकी अनुपस्थिति के बावजूद, वुहान ओपन में अभी भी सितारों से सजी टीम मौजूद है। सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत विज. ेता सबालेंका ड्रॉ के शीर्ष आधे भाग में सबसे आगे हैं और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

दूसरे दौर में उनका सामना स्लोवाकिया की रेबेका् ामकोवा या रूस की अन्ना काललस्काया से होगा। उनके वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना, जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका और चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा भी शामिल हैं, जिन्होंने शुक्रवार को तीन सेटों के सेमीफाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

छह बार की ग्रैंड स्लैम विज. ेता स्वियाटेक, वुहान में दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर रही हैं। सबालेंका की तरह, उन्हें भी पहले दौर में बाई मिली है और उनका पहला मुकाबला कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो या चेक गणराज्य की मैरी बूजकोवा से होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ, स्वियाटेक के साथ निचले हाफ में शामिल होंगी। 20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में चीन की वांग शिन्यू या किसी क्वालीफायर से होगा। अन्य जगहों पर, झू लिन का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट से होगा, जबकि वाइल्डकार्ड युआन यू का पहला मुकाबला एक क्वालीफायर से होगा, जहां दूसरे दौर में उनके इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ने की संभावना है। झांग शुआई का मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से होगा।

### ड्रग्स विभाग व उराविं सेवा प्राधिकरण ने चलाया नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान

# नशे के प्रति जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशन में आज लक्सर में नशा मुक्ति एवं उसके दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, औषधि मानक नियंत्रण संगठन एवं न्यायिक अधिकारियों की संयुक्त टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे लक्सर बालावाली रोड से तहसील लक्सर तक निकाला गया। रैली में के.वी. इंटर कॉलेज एवं आई.पी. इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण, आमजन, अधिवक्ताओं तथा मेडिकल स्टोर संचालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के उपरांत तहसील सभागार, लक्सर में एक जागरूकता कार्यक्रम

**❖मेडिकल संचालकों को सख्त हिदायत, प्रतिबंधित दवाई मिलने पर होगी कार्रवाई**



आयोजित किया गया, जिसमें फेरुपुर, धनपुरा, शाहपुर, बादशाहपुर, सुल्तानपुर, भिक्कमपुर, रायसी, लक्सर एवं खानपुर क्षेत्रों से मेडिकल स्टोर संचालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी एवं श्रीमती ललिता सिंह, उप जिलाधिकारी सौरव असवाल, स्वास्थ्य विभाग लक्सर से श्री सईद रफी अहमद, ड्रग्स इंस्पेक्टर सुश्री मेघा, ड्रग्स इंस्पेक्टर श्री हरीश तथा डीएससीओ के अधिकारी उपस्थित रहे।सभी मेडिकल संचालकों को स्पष्ट कर दिया गया कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रतिष्ठान पर प्रतिबंधित दवाइयाँ पाई जाती हैं, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# झबरेड़ा पुलिस ने खोए हुए 16 मोबाइल मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** थाना क्षेत्र में खोये हुयें 16 मोबाईल को सी0ई0आई0आर0 पोर्टल पर सर्चिंग हेतु लगाकर लोकेशन/यूजर आई0डी0 की जानकारी कर पुलिस द्वारा बरामद किए गए।

झबरेड़ा थाना अध्यक्ष अजय शाह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि ँच हरिद्वार के निर्देशानुसार थाने पर उक्त पोर्टल के संचालन हेतु पुलिस टीम गठित की गयी तथा थाने पर मोबाइल फोन मिसिंग /चोरी की रिपोर्ट पर झबरेड़ा पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर सी0 ई0 आई0 आर0 पोर्टल



पर लगाकर बरामद करने के प्रयास किये गये जिसके फलस्वरुप थाना क्षेत्र में गुम हुये 16 मोबाइल फोन को उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार ,पंजाब, दिल्ली, हरियाणा से बरामद किये गये। बरामद किए 16 मोबाइल फोन की कुल कीमत 3,96,000 बताई गई है।

# विधायक ने प्रतिभावानों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्वकर्मा अलंकरण समारोह समिति ने शहर के हरमिलाप धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक प्रदीप बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि समाज के वरिष्ठजन, विद्वान, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और नवाचार के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षा, सेवा और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग यदि अपने कौशल को समाजहित में लगाता है, तो राष्ट्र उन्नति की नई ऊँचाइयाँ छू सकता है। कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज की प्रतिभाओं को शिक्षा, सामाजिक सेवा, तकनीकी क्षेत्र और उद्यमिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा का शॉल और प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। अंत में आयोजक डॉ. कुलदीप



एवं डॉ. बृजपाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा भविष्य में और भी बड़े स्तर पर ऐसे प्रेरणादायी आयोजन करने का संकल्प लिया।

# सड़क पर गाली गलौज करने वाले को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति गांव में ही सड़क पर खड़ा होकर वहां से आने जाने वालों को गाली गलौज कर रहा था। पुलिस द्वारा उक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि शनिवार को ग्राम खरकपुर निवासी अजय सिंह गांव में ही सड़क पर खड़ा होकर वहां से आने जाने वालों के साथ गाली गलौज करते हुए झगड़ा फसाद करने पर उतारू था। गांव वालों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस द्वारा भी उक्त को समझाने का प्रयास किया गया। नही समझने पर पुलिस उक्त को गिरफ्तार कर थाने ले आई। शांति भंग में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** उत्तराखंड नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के खानपुर, बहादराबाद, लक्सर, भगवानपुर, नारसन एवं रुड़की ब्लॉक के चयनित पहलवानों ने भाग लिया और खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर नेहरू इंटर कॉलेज के प्रधान लिपिक एवम् उत्तराखंड कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष राहुल प्रभात शर्मा ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को एकता और अनुशासन का संदेश दिया। मंच पर उप क्रीड़ा अधिकारी हरिद्वार प्रदीप कुमार चौधरी ने उपस्थित होकर मान बढ़ाया। कुश्ती प्रतियोगिता को संचालन करने , अरुण राठी, आकाश एवं अक्षय राठी, मणिराज मुख्य प्रशिक्षक अमन कुश्ती अकादमी मंगलौर ने प्रमुख भूमिका निभाई। कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में नीरज नारसन अंडर 17 बालिका वर्ग में निशा भारद्वाज नारसन अंडर 17 बालक वर्ग में आदित्य नारसन, गौरव नारसन, राहुल नारसन अंडर 17 बालिका वर्ग में अंशिका लोहान नारसन, आर्य जावला, पूजा बालियान ने अंडर-19 बालक वर्ग सचिन, पवन, कार्तिक नारसन बालिका अंडर 19 प्रिया एवं वासु नारसन विजई रहे। जिला खेल समन्वयक गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी हरिद्वार का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता जो की हरिद्वार में आयोजित होनी है । प्रतियोगिता में अरुण खरे, मनजीत राणा, धनंजय मलिक, संत कुमार, सौरभ कुमार, अनुज कुमार, पवन राणा, प्रीति सैनी, सुषमा पांडे एवं आलोक द्विवेदी ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

# पुलिस ने बिना वेरिफिकेशन वाले दर्जनों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के कड़े निर्देशों पर, कोतवाली लक्सर पुलिस ने अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई खासकर गुड़ चरखी और फड़-फेरी में काम करने वाले तथा बिना सत्यापन के रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों पर केंद्रित रहीकोतवाली लक्सर पुलिस द्वारा गठित टीमों ने कस्बा बाजार लक्सर और रायसी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, होटलों और ढाबों पर गहनता से चेकिंग की।अभियान के दौरान, लक्सर पुलिस ने 109 व्यक्तियों का गहनता से सत्यापन किया। इस चेकिंग में बिना सत्यापन के निवास कर रहे और नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। इन 19 व्यक्तियों का मौके पर ही 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 5750/- रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। लक्सर पुलिस द्वारा यह अभियान शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और बाहरी व्यक्तियों का रिकॉर्ड सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी यह सत्यापन अभियान जारी रहेगा और बिना वेरिफिकेशन के किसी भी बाहरी व्यक्ति को काम पर रखने या किराए पर रखने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# लक्सर पुलिस ने नकदी सहित एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ऑपरेशन लगाम अभियान के तहत, कोतवाली लक्सर पुलिस ने की खाई बाड़ी करते हुए एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे नियमित चौकिंग अभियान के दौरान, लक्सर पुलिस ने मोहित कुमार (उम्र 26 वर्ष) पुत्र नानू सिंह, निवासी रविदास मंदिर सुल्तानपुर, को लक्सर क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1520/ नकद राशि, सट्टा पर्ची और पेन बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल सट्टे की गतिविधियों में किया जा रहा था।अभियुक्त मोहित कुमार के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में मुकदमा अपराध संख्या 958/25 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक रंजीत नौटियाल, कांस्टेबल अनुप पोखरियाल, और कांस्टेबल गंगा सिंह शामिल रहे। लक्सर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस ने गन्ना कोल्हुओ पर चलाया सत्यापन अभियान, 19 के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे गाना कोल्हुओ पर सत्यापन अभियान चला कर जमकर चालान काटे व भविष्य में अपने मजदूरों का सत्यापन न करने वालों को सख्त करवाई की चेतावनी दी गई।

जानकारी के अनुसार थाना पुलिस द्वारा रविवार सुबह कस्बे व आसपास स्थित संचालित हो रहे गन्ना कोलहूओं में सत्यापन अभियान चलाकर 50 गन्ना कोलहूओं के चालान काटते हुए 500000 संयोजन की कार्यवाही की गई है। थानाध्यक्ष अजय सिंह



ने बताया कि कस्बे तथा आसपास संचालित हो रहे गन्ना कोलहूओं में बाहरी राज्यों से आकर काम करने वाले लोगों का सत्यापन किया गया। सत्यापन अभियान के दौरान गुड चरखी स्वामियों के विरुद्ध प्रति गुड चरखी से 10000 का चालान काटा गया। पचास गुड चर्खियों के चालान काटकर 500000 संयोजन की कार्रवाई की गई है।

# शराब के नशे में धुत व्यक्ति ने पत्नी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर पहुंची चेतक पुलिस के साथ नशे में धुत व्यक्ति ने बदसलूकी की। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामला बढ़ता देख कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को बुलाया गया। जहां पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर गांव में एक व्यक्ति नशे में धुत होकर पत्नी को पीट रहा था। महिला ने विरोध किया तो आरोपी पति ने घर में रखे सामान को फेंकना शुरू कर दिया। इसी दौरान किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। नशे में धुत ग्रामीण ने पुलिसकर्मियों के साथ भी बदसलूकी कर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होते देख सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मामला बढ़ता देख चेतक पुलिसकर्मियों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली से भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल काबू कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# मीटर था स्मार्ट, छेड़छाड़ करते ही कंट्रोल रूम पहुंच गया अलर्ट, घबराकर भागे बिजली चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** तीन दिन पहले गुरुकुल नारसन स्थित 33 केवी सब स्टेशन में रात करीब एक बजे चार लोग भीतर घुसे। उन्होंने वासू स्टील फैक्टरी के मीटर में छेड़छाड़ शुरू की। लेकिन यह स्मार्ट मीटर था।

रुड़की के गुरुकुल नारसन में मीटर में छेड़छाड़ इसलिए पकड़ में आई क्योंकि बिजलीघर में लगा वह स्मार्ट मीटर था। यूपीसीएल प्रबंधन के मुताबिक, जैसे ही चोरों ने इस मीटर की सील हटाने की कोशिश की तो तुरंत मीटर की स्क्रीन पर अलर्ट के साथ ही कंट्रोल रूम तक उसकी रिपोर्ट पहुंच गई। इससे घबराकर भागे चोरों को पुलिस ने पकड़ लिया।

दरअसल, तीन दिन पहले गुरुकुल नारसन स्थित 33 केवी सब स्टेशन में रात करीब एक बजे चार लोग भीतर घुसे। उन्होंने वासू स्टील फैक्टरी के मीटर में छेड़छाड़ शुरू की। यह स्मार्ट मीटर था। यूपीसीएल के निदेशक परिचालन एमआर आर्य ने बताया कि जैसे ही उन्होंने मीटर की सील हटाने का प्रयत्न किया तो मीटर की स्क्रीन पर उसका अलर्ट आ गया। साथ ही उनके कंट्रोल रूम में भी इसका मैसेज आ गया। मीटर की स्क्रीन को देखकर अचानक चोर घबरा गए। वे भागने लगे तो संदिग्ध गतिविधि देखकर पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ में उन्होंने बिजली मीटर में चोरी के लिए छेड़छाड़ की बात स्वीकारी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ।

निदेशक आर्य ने बताया कि स्मार्ट मीटर अत्याधुनिक तकनीकी से लैस है। जैसे ही इसका कोई ढक्कन भी खोलने का प्रयास करेगा तो न केवल मीटर पर अलर्ट दिखेगा बल्कि यूपीसीएल के कंट्रोल रूम तक इसका पूरा रिकॉर्ड आ जाता है। किसी मीटर में कोई कितनी छेड़छाड़ कर रहा है, उसका रिकॉर्ड 10 साल तक निगम के पास सुरक्षित रहता है। मीटर में छेड़छाड़ को लेकर यूपीसीएल के जेई और एक्सईएन निलंबित, जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

**केवल बिजलीघर के मीटर पर विफल प्रयास :** निदेशक परिचालन एमआर आर्य ने बताया कि चोरों ने केवल बिजलीघर के मीटर में छेड़छाड़ का प्रयास किया था, फैक्टरी का मीटर ठीक था। फिर भी एहतियात के तौर पर उन्होंने दोनों मीटर को सील करके जांच के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मीटर में कुछ बदलाव नहीं किए जा सके, इसलिए बिजली चोरी तो नहीं हुई फिर भी मामले की विस्तार से जांच हो रही है।

**स्मार्ट मीटर से बदल रही सूरत : रुड़की क्षेत्र** में सभी एचटी उपभोक्ताओं व आम उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यूपीसीएल प्रबंधन के मुताबिक, स्मार्ट मीटर लगने के कारण तेजी से लाइन लॉस कम हो रहा है। रुड़की क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों के भीतर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन(टी एंड डी) हानि करीब 11 प्रतिशत कम हो गई है। जैसे-जैसे सभी जगहों पर स्मार्ट मीटर लगेंगे, यह लॉस और कम होता चला जाएगा।

# गड्ढों में समा गई सड़क पर लोगों का चलना हुआ मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर की कई क्षेत्रों में सड़कों की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि चलना-फिरना लोगों के लिए मुसीबत हो गया है। जगह-जगह बने गड्ढे आम जनता की परेशानी का सबब बन रहे हैं। निगम की ज्यादातर सड़कें गड्ढों में समा गई हैं। इन सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। सलेमपुर, रामनगर, मच्छी मोहल्ला, सोलानी पार्क के समीप, रामपुर से सालियर के बीच, रामनगर इंडस्ट्रियल आदि कई इलाकों में सड़कों में गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़कें हो गई हैं। गड्ढों में पानी भरने से इसका रूप और भी भयावह हो जाता है। पैदल चलने वाले बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए भी ये गड्ढे बड़ी मुसीबत बन गए हैं। स्थानीय निवासी सुरेश कुमार का कहना है कि हर सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते समय डर बना रहता है कि कहीं बाइक फिसल न जाए। कई बार शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वहीं स्कूल से बच्चों को छोड़ने और ले जाते समय रिक्शा पलटने की आशंका भी बनी रहती है। नगर निगम की ओर से सड़क मरम्मत की घोषणाएं तो खूब होती हैं पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। सड़कों में गड्ढों को मिट्टी या मलबे से भरकर खानापूर्ति की जा रही है। लोगों का कहना है कि जब सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। फिर आमजन को बेहतर सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

## जल निकासी को सड़क निर्माण रुकवा

**मंगलौर।** जल निकासी की मांग को लेकर मोहल्लेवासियों ने सड़क निर्माण रुकवा दिया हैं। लोगों ने सड़क निर्माण से पहले पानी निकासी का स्थाई समाधान करने की मांग की हैं। लोगों के विरोध के चलते ठेकेदार निर्माण सामग्री समेट कर चला गया। आक्रोशीत लोगों ने इस बाबत ईओ को भी अवगत करा दिया गया। नगर के मोहल्ला टोली के बाशिंदे पिछले दस वर्षों से जलभराव की मार झेल रहे हैं। पानी निकासी की मांग को लेकर मोहल्लेवासी पालिका के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के साथ ही ईओ का घेराव भी कर चुके है लेकिन जलभराव का स्थाई समाधान नहीं किया गया हैं। पालिका ने जल निकासी का बंदोबस्त करने की बजाए चार माह पहले पालिका ने बिना नाली निर्माण के सड़क निर्माण का टेंडर किया था। सड़क निर्माण की भनक लगते ही मोहल्लेवासी मौके पर एकत्रित हो गए और सड़क निर्माण का विरोध किया।

### मेडिकल स्टोर में दवा कंपनियों में एफडीए की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# सीएमएसडी स्टोर व फार्मा कंपनियों से 20 नमूने लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड सरकार ने जिले में प्रतिबंधित कफ सिरप और अन्य औषधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। शनिवार को बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। जिले में स्थित फार्मा कंपनियों, मेडिकल स्टोर्स और सीएमएसडी स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बाजार में उपलब्ध दवाएं सुरक्षित हों और उनके निर्माण में किसी तरह की लापरवाही न हुई हो।

निरीक्षण के दौरान श्रेया फार्मा भगवानपुर, किम लैबोरेट्रीज मखनपुर, और ओमेगा फार्मा कंपनियों और अलग अलग जगह से टीम द्वारा लगभग से कुल 20 नमूने लिए गए। यदि किसी भी नमूने में दोषपूर्ण दवा पाई जाती है तो उसे तुरंत बाजार से हटाया जाएगा और जिम्मेदार कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती, ड्रग इंस्पेक्टर मेघा, ड्रग इंस्पेक्टर हरीश और सीडीएससीओ (केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन) के अधिकारी शामिल थे। टीम ने फार्मा



कंपनियों के साथ-साथ ब्लैक स्टोर और मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध दवाओं की भी पूरी तरह से जांच की। निरीक्षण में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी दवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप हों और बच्चों की सुरक्षा को खतरा न हो। सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने कहा कि हरिद्वार जिले में फार्मा कंपनियों, मेडिकल स्टोर्स और ब्लैक स्टोर्स पर निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा, "बच्चों और मरीजों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी कंपनी या स्टोर में दोषपूर्ण दवा पाई जाती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एफ.डी.ए. का यह अभियान केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हरिद्वार जिले में बाजार में उपलब्ध सभी दवाएं सुरक्षित और मानकों के अनुरूप हो।

# बास्केटबाल चैंपियनशिप में एबीएन की टीमों ने सेमीफाइनल में की एंट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी परिसर स्थित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही एयर बडीज इंटर स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में एबीएन स्कूल की दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

एबीएन 1 की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस को हराया, जबकि एबीएन बी की टीम ने भी अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में कुल चार



टीमें आमने-सामने होंगी। एबीएन 1, एबीएन बी, आर्मी पब्लिक स्कूल-1, और मॉन्टफोर्ड स्कूल। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला कल आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों और दर्शकों में फाइनल को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

# साख पर सवाल

एक तरफ जहां चुनाव आयोग बिहार में 22 नवंबर से पहले चुनाव कराने को लेकर पूरी तरह व्यस्त है और अपनी तैयारी में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। उसने अपनी अंतिम वोटर लिस्ट भी जारी कर दी, तो वहीं दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करना नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर कहा है कि बिहार में वोट चोरी का खेल जमकर चल रहा है। अपने दावे में वजन देने के लिए वह चुनाव आयोग की अंतिम मतदाता सूची का ही हवाला दे रही है। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में एक ही घर में सैकड़ों वोटरों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उसने कहा है कि जमुई के एक ही घर के पते पर 247 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति का नाम तीन बार दर्ज कर दिया है। इस सूची में मृतकों के नाम भी दर्ज करने की बात कही गई है। कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये आरोप मामूली नहीं हैं। इससे पहले भी कांग्रेस ने जिस तरह के सबूतों का दावा वोटर लिस्टों को लेकर किया है वह और भी संदेह पैदा करता है। बेशक वोटर लिस्ट में किसके नाम जोड़े जाएंगे किसके नहीं, कौन पात्र है कौन नहीं, यह चुनाव आयोग का विशेष अधिकार है, जैसाकि चुनाव प्रमुख कह भी रहे हैं कि एसआईआर मुख्य चुनाव आयुक्त का विशेष अधिकार है और इसमें किसी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद कही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट की अनिवार्यता के लिए आधार कार्ड को भी जोड़ा जाना चाहिए, तो चुनाव आयोग की बात हम मान भी लें, तो यह भी मानना पड़ेगा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाना भी चुनाव आयोग की ही बड़ी जिम्मेदारी है और चुनाव आयोग को यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि भले ही संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग को बड़े अधिकार मिले हों, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली का तकाजा यही होता है कि हर संस्था जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। कोई भी संस्था अपनी मनमानी नहीं कर सकती, भले ही उसके पास कितने भी अधिकार प्राप्त हों। सबसे बड़ी तो यही है कि चुनाव आयोग को सबके साथ चलते हुए दिखाई देना चाहिए। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में जिस तरह सत्तापक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ठीक उसी तरह विपक्ष की भूमिका होती है, उसकी भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। दोनों ही पक्ष जनता के प्रतिनिधि होते हैं और जनता द्वारा ही चुने हुए होते हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग पर पहले भी उनकी वफादारी को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन जिस तरह का माहौल आज के समय में देखने में आ रहा है, ऐसा माहौल कभी नहीं बना। जहां चुनाव आयोग की साख ही सीधे दांव पर लग गई हो। जब चुनाव आयोग की साख ही दांव पर लगी होगी, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव पर भी सवाल खड़े होंगे जैसेकि हो भी रहे हैं। सभी को मानना होगा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश व उसका लो. कतंत्र स्थायी होता है।

## विदेश में भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं इंदिरा गांधी



लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं, चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था, उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था, राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला, एलओपी का विदेश जाकर यह कहना कि भारत वैश्विक नेता नहीं बन सकता, गलत है। **-किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

# यूपी की सियासतः पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित





**तौसीफ कुरैशी**

**पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए कि भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं। आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पालने वाले दबंग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं।**

यूपी में 2024 लोकसभा चुनाव में मिली सियासी सफलता से उतसाहित सपा कंपनी और अब कांग्रेस भी प्रदेश और देश में एक बार फिर पिछड़ी जातियों को लेकर सियासी गोलबंदी कर रही है धार्मिक धुर्वीकरण कर प्रदेश और देश में सियासत के शिखर पर पहुंची भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है।

2013 में देशभर की सियासत में साम्प्रदायिकता का जहर घोलकर सत्ता के शिखर पर पहुंची भाजपा को जनता के बीच जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जुमलेबा. जी से पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सरकार चला रही भाजपा से जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा के पास सकारात्मक जवाब नहीं है जनता हिंदू मुसलमान के मुद्दे से तंग आ चुकी है हर तरफ बुरा हाल है 2014 में सोने की कीमत करीब 28000 का 10 ग्राम था और 2025 में 121000 है तो मंगलसूत्र कौन छीन रहा इसका मोदी सहित भाजपा पर कोई जवाब नहीं है। बेरोजगारी पिछले पैतालीस सालों में सबसे ज्यादा है महंगाई लोगों जीने नहीं दे रही है।

जीएसटी के जरिए पूरी तरह लूट मचाई गई आठ साल अब कम करने का जश्न मनाया जा रहा है और उसका कोई जवाब नहीं इस लूट ने जो छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया गया उनके धंधे चौपट हो गए और भाजपा सरकारें इस ओर कोई ध्यान देती नजर नहीं आ रही है ब्यूरोक्रेसी का भी भ्रष्टाचार इस समय अपने पूरे चरम पर पहुंच गया है जिस भी दफ्तर में जाओ भ्रष्टाचार अपनी सारी हदें पार कर रहा है पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए की भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं।

आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पलने वाले दंबग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं। इस तरह के माहौल में अगर कोई सबसे ज्यादा पिस रहा है तो वह पिछड़ी जातियां है क्योंकि उनके विकास पर उनके हकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनके अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म किया जा रहा है आरक्षण को भी ऊची जातियों को दिए जा रहे हैं और पिछड़ों को हिन्दू मुसलमान की टॉफी दी जा रही है यह टॉफी पिछड़ों को क्यों दी जा रही है यह बात अब पिछड़े समझ रहे जिसकी वजह से भाजपा की बैचेनी स्वाभाविक है पिछड़ों को हिन्दू बना कर भाजपा और RSS सत्ता का सुख भोग रही है लेकिन पिछड़ों को क्या मिला बाबा जी ठुल्लू। बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंदी करने में जुटी कांग्रेस अब प्रदेश के हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलनों का आयोजन करने जा रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की अगले सप्ताह तक घोषणा हो सकती है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलन शुरू होंगे। शुरुआत लखनऊ से होगी। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग विभाग को निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अब विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय सिंह ने यूपी में भी सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं।

सम्मेलनों में पिछड़े वर्ग के सभी नेताओं को एकजुट किया जाएगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि कांग्रेस किस तरह से हर जातियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संसद में संघर्ष कर रही है।

**सम्मेलन की तैयारी तेज**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि पार्टी की ओर से सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी का इंतजार है। कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर सूची तैयार कर ली गई है।

शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी में पिछड़े वर्ग की हर जातियों को शामिल किया गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी। इसके बाद मंडलवार सम्मेलन शुरू होंगे।

'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' के वायदे पर सरकार बनाने वालों ने धर्म जाति विशेष के करोड़ों लोगों के साथ बेहिसाब नफरत, हिंसा, भेदभाव और अत्याचार होने पर मणिपुर से लेकर यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व J-K तक साजिशी चुप्पी लगा कर इस नारे को झुठलाया। इनका सबसे बड़ा सच यही है कि ए अपने किरदार पर खरे नहीं उतरते हैं जैसे हालात होते हैं वैसे ही बदल जाते हैं इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए यही लब्बोलुआब है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रह्मांड की ऊर्जा से जुड़ने का माध्यम है शरद पूर्णिमा

**मौसम बदलने के इस समय शरीर को नई जलवायु के अनुकूल बनाना आवश्यक होता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस समय वात, पित्त और कफ दोषों में असंतुलन की संभावना बढ़ती है। खीर का मधुर स्वाद और उसका शीतल प्रभाव इन दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक . ष्टि से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शरद पूर्णिमा की रात का सौंदर्य अद्भुत होता है। जब पूर्ण चंद्रमा आकाश में अपनी सोलह कलाओं के साथ दमकता है तो उसकी दूधिया रोशनी में पूरी धरती जैसे अमृत में डूब जाती है।**



**योगेश कुमार गोयल**

हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है और इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण स्वरूप में आसमान में चमकता है। इस वर्ष यह पावन तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से आरंभ होकर 7 अक्टूबर की सुबह 9 बजकर 16 मिनट तक रहेगी, इसलिए शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव भी कहा जाता है। इस रात चंद्रमा की रोशनी इतनी तेज होती है कि धरती दूधिया उजास में नहा उठती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष रूप से औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं। यह माना जाता है कि इन किरणों में स्वास्थ्य, सौंदर्य और शक्ति बढ़ाने वाले तत्व होते हैं।

वेदों और पुराणों में चंद्रमा को औषधियों का स्वामी माना गया है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'मैं ही सोम रूप चंद्रमा बनकर समस्त औषधियों को पुष्ट करता हूं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सभी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। माना जाता है कि प्रत्येक कला मनुष्य के जीवन की किसी न किसी विशेषता का प्रतीक होती है। भगवान कृष्ण को इन सोलह कलाओं का पूर्ण रूप कहा गया है, इसलिए शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी रात कृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर ब्रज की गोपियों के साथ यमुना तट पर दिव्य महारास किया था। इसीलिए यह रात प्रेम, आनंद और भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। वृंदावन और बृज क्षेत्र में आज भी शरद पूर्णिमा को बहुत उत्साह से मनाया जाता है।

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या कौमुदी उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है कौन जाग रहा है? मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो व्यक्ति जागकर सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उस पर लक्ष्मी की कृपा बरसती है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय धन की देवी लक्ष्मी का प्रकट होना भी इसी पूर्णिमा की रात हुआ था। इसलिए यह पर्व धन, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, साथ ही शिव-पार्वती और कार्तिकेय की आराधना का भी विधान है। इस दिन व्रत रखकर रातभर जागरण और भक्ति करने से व्यक्ति को आर्थिक समृद्धि, मानसिक शांति और शुभ फल प्राप्त होते हैं। शरद पूर्णिमा की रात का सबसे प्रसिद्ध और सुंदर प्रतीक है खीर की परंपरा। इस रात घरों में खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखी जाती है ताकि चंद्रमा की चांदनी उसमें पड़े। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों में अमृत बरसता है और वह अमृत खीर में समा जाता है। सुबह उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जो अमृत समान मानी जाती है। ज्योतिषीय .ष्टि से दूध, चावल और चीनी चंद्र ग्रह से जुड़े तत्व हैं। इसीलिए चंद्रमा की रोशनी में रखी गई खीर में उसकी शुभ ऊर्जा और औषधीय गुण समा जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस परंपरा का गहरा अर्थ है। दूध में लैक्टिक एसिड और खीर में मौजूद चावल के स्टार्च के कारण जब इसे खुली चांदनी में रखा जाता है तो उसमें ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो इसे अधिक पौष्टिक बना देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की किरणों में मौजूद अल्ट्रा-वॉयलेट और इंफ्रारेड ऊर्जा दूध में मौजूद सूक्ष्म जीवों की क्रिया को सक्रिय करती है, जिससे वह पाचन में सहायक और स्वास्थ्यवर्धक बन जाता है। इसीलिए शरद पूर्णिमा की रात रखी खीर को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है।

पौराणिक कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि रावण इस रात दर्पण के माध्यम से चंद्रमा की किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण कर युवा शक्ति प्राप्त करता था। यह कथा प्रतीक है कि चंद्रमा की किरणें शरीर में ऊर्जा, शांति और जीवन शक्ति भरने का सामर्थ्य रखती हैं। शरद पूर्णिमा ऋतु परिवर्तन की भी प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसआईआर पर चुनाव आयोग को घेरता विपक्ष



**मसूद हसन**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को वोट देने के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को सिरे से खारिज करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी बताया है।

> मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि आयोग द्वारा लागू किए गए सख्त नियमों को गरीबों के वोट की चोरी बताया। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण सूची के मुद्दे को जननायक राहुल गांधी ने प्रमुखता से उठाया और आयोग के विरुद्ध एक आन्दोलन खड़ा कर दिया। बिहार राज्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाने के बजाय निर्वाचन आयोग ने इसे और कठिन बना दिया है। जिसकी वजह से राज्य के दर्तित पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के साथ ही गरीब व वंचित समाज के लोग निर्वाचन मतदाता ही नहीं बन पाएंगे। मतदाता सूची में शामिल होने की निर्वाचन आयोग द्वारा जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों को इन वर्ग के कम ही लोग पूरा कर पाएंगे। है। बिहार व उससे लगे राज्यों में एक बड़ी समस्या बाढ़ की विभीषिका उनका सब कुछ बहाकर ले जाती है और उन्हें तबाह कर जाती है, ऐसे में आयोग जिस तरह के दुर्लभकागजात मांग रहा है इनके लिए देना असंभव है। निर्वाचन आयोग द्वारा आधार कार्ड को वैध प्रमाणपत्र न मानना भी चिंता का विषय है, है, इससे आयोग की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। जबकि भारत में जबसे आधार कार्ड जारी हुआ है, उसे ही सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा मतदाता बनाने के लिए आधार कार्ड को न मानने से और भी ज्यादा अव्यवस्था पैदा हो गई है। देश की अधिकांश आबादी आज भी गांवों में ही रह रही है। यही हाल बिहार का भी है।

ऐसे में निवास प्रमाणपत्र, माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र कितने लोगों के पास होगा। साथ ही आयोग द्वारा जमा किए गए कागजात की कोई रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है। कुल मिलाकर निर्वाचन आयोग आमजन को मतदाता बनने से रोकने की कवायद में जुटी है। अगर यही स्थिति रही तो आम जनता अपना वोट कैसे दे पाएगी। हरियाणा और महाराष्ट्रापुर में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आयोग की भूमिका पर विपक्ष ने सवाल उठाए और कहा कि आयोग द्वारा की गई कार्यवाही सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव को परिलक्षित कर रही है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के नाम जो आदेश दिए हैं, वह न केवल आपत्ति. जनक बल्कि हास्यास्पद भी है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता व बिहार राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कहना है कि मतदाता सूचियों में सुधार में दो साल तक का समय लग सकता है और पूछा कि यह काम अब क्यों किया जा रहा है, जबकि ठम्म्मं चुनाव में कुछ ही महीने का समय बाकी है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इसे षड्यंत्र करार दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण का अनिवार्यत: अर्थ है कि मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जाएगी, तथा चुनाव आयोग ने कहा है कि पंजीकृत मतदाताओं को अपनी नागरि. कता सिद्ध करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इस आवश्यकता को राजद के साथ ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने चिन्हित किया है। जिन्होंने बिहार में विवादास्पद राष्टाट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने को एक भयावह कदम बताया है। यादव ने कहा, बिहार के उन मतदाताओं से जिन्होंने 2003 के बाद पंजीकरण कराया है उनसे ग्यारह दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, लेकिन भारत सरकार के अनुसार, केवल दो से तीन प्रतिशत लोगों के पास ही यह दस्तावेज हैं। यह स्पष्ट रूप से करोड़ों लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है। संविधान ने सभी को वोट देने का अधिकार दिया है। उनका कहना है कि अभी भी कई इलाकों में (सूची में शामिल होने के लिए) फॉर्म नहीं बांटे गए हैं। हम चुनाव आयोग से सिफर समय मांग रहे हैं, लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को कानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

देश की बड़ी आबादी को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश, सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर का कहना है कि जिस तरह से हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में वोट बढ़े, इससे निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। भारतीय संविधान में निर्वाचन आयोग का गठन लोकसभा व विधानसभाओं के निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए किया गया था। इसीलिए आयोग की भूमिका मैच में रेफरी की होती है।

सपा से सांसद आर के चौधरी का कहना है कि बिहार राज्य में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस चुनाव में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग वोट न डाल पाएं, इसके लिए भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने वहां वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने वालों के लिए कई ऐसे नियम लागू कर दिए हैं। जिन्हें पूरा करना बहुजन समाज के लिए संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया का कहना है कि निर्वाचन आयोग गरीबों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित कर रहा है। आयोग की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है और इस तरह के जन विरोधी आदेश जारी करके आयोग संकेत दे रहा है कि वह भाजपा के गठबंधन में शामिल है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में मुठभेड़, 14 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तुरबत जिले में आंतकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जबावी कार्रवाई की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए।

### रूसी वायु रक्षा बलों ने 32 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में 32 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि शनिवार रात से वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 32 यूक्रेनी ड्रोन्स को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि इनमें से 11 यूएवी बेलगोरोद क्षेत्र में, 11 वोरोनिश क्षेत्र में, पांच निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में, एक ब्रांस्क क्षेत्र में, एक कुर्स्क क्षेत्र में, एक तुला क्षेत्र में, एक तांबोव क्षेत्र में और एक मोर्दोविया गणराज्य में मार गिराए गए।

### रूसी ड्रोन हमले में पेरिस के फोटो पत्रकार की मौत

**कीव।** यूक्रेन में हुए रूसी ड्रोन हमले में फ्रांसीसी फोटो पत्रकार अंतोनी लालिकां की मौत हो गई है। यूक्रेन के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लालिकां के साथ काम कर रहे यूक्रेनी फोटो पत्रकार ग्रिगोरी इवानचेंको भी दोनेत्स्क क्षेत्र के कोमिशुवाखा के पास हुए इस हमले में घायल हो गए। यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (ईएफजे और आईएफजे) ने बताया कि यूक्रेन में ड्रोन हमले में किसी पत्रकार की मौत का यह पहला मामला है।

### लीबिया में नाव दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 60 किलोमीटर पश्चिम में जाविया के तट पर रविवार शाम एक नाव में विस्फोट होने के कारण कम से कम तीन लीबियाई नागरिकों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। लीबियाई अखबार अल-मरसाद की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मद बेन श्टवान, अनवर अल-मजदूब और नासिर सुल्तान के रूप में पहच.ाने गए तीन मृतक लीबियाई युवकों के अलावा इस घटना में अन्य लोग भी हताहत हुए हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में विस्फोट का सही समय या कारण नहीं बताया गया है। अभी तक इस घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में

## ऊर्जा सचिव बोलेः सुरक्षा के लिए महज 8 दिन का फंड बाकी, 5 दिन में कामकाज ठप



- परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे
- योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएनएसए) के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा कि आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।

राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर एनएनएसए को स्टाफ कम करना पड़ेगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण 1 अक्टूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, डीओई के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है। हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल आपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टमों का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मानिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं।



**जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले में कथित वोट चोरी के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत एक बैनर पर हस्ताक्षर करते कांग्रेस समर्थक।**

## यूक्रेनी रेलवे स्टेशन पर रूसी हमले में लगभग 30 लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं।

बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर ट्रेन कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी अभी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है। जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी लोग इस बात की अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं! यह आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती।

## चीन में तूफान से पूर्व लोगों को किया गया रेस्क्यू

**गुआंगडोंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातक.ालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।

## पाकिस्तानी सेना के बाद रक्षामंत्री की भारत को घुड़की



- **ख्वाजा आसिफ ने कहाः अब जंग हुई, तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है।

आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने आफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिका.रियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा-जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे।

## रूस ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों पर रख रहा नजरः जनरल टेडमैन

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूसी उपग्रह ब्रिटिश सैन्य उपग्रहों पर साप्ताहिक आधार पर नजर रख रहे हैं। मेजर जनरल पॉल टेडमैन ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में रूस पर आरोप लगाते हुए कहा कि रूस हर हफ्ते ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों को जमीनी प्रणालियों से जाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसे पेलोड हैं जो हमारे उपग्रहों को देख सकते हैं और उनसे जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रहे हैं। जनरल टेडमैन ने कहा कि ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों में काउंटर-जैमिंग तकनीकें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन हम देख रहे हैं कि रूस हमारे उपग्रहों को लगातार जाम कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा कितनी बार किया गया तो उन्होंने कहा यह 'हर हफ्ते' किया गया है।

# ट्रम्प की नीति को अदालत से झटका

## 18 साल के होते ही प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्र भेजने पर संघीय न्यायाधीश ने लगाई रोक




**इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन की एक नई नीति को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस नीति के तहत 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद अकेले आए और बिना अनुमति वाले प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्रों में रखा जाना था। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज रुदोल्फ कान्ट्रेरस ने अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इनफोर्समेंट को आदेश दिया कि वे किसी भी ऐसे बच्चे को वयस्क हिरासत में न रखें।

जज ने कहा कि यह स्वतः हिरासत 2021 में दिए गए उनके कोर्ट आदेश का उल्लंघन करती है, जिसमें इस तरह की प्रथाओं पर रोक लगाई गई थी। न्यायाधीश का यह निर्णय वकालत समूहों की मांग के बाद आया है, जिन्होंने कहा था कि कई बच्चों को इस सप्ताहांत में वयस्क केंद्रों में ट्रांसफर किया जाना था। इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके। बता दें कि अधिकारियों ने 14 साल और उससे बड़े प्रवासी बच्चों को अपने देश लौटने के लिए 2500 डालर देने की पेशकश की है। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने उन ग्वाटेमाला के बच्चों को तुरंत डिपोर्ट करने के प्रयास को रोका था, जो अकेले अमेरिका आए थे। कुछ बच्चों को उस देर रात की कार्रवाई में प्लेन में बैठाया गया था, लेकिन न्यायाधीश ने इसे रोक दिया। अमेरिकन इमिग्रेशन काउंसिल की वकील मिशेल लापाइंट ने कहा कि यह नीति प्रवासी युवाओं को अमेरिका में सुरक्षा मांगने के अपने अधिकार से समझौता करने के लिए मजबूर करने का हिस्सा है। न्यायाधीश कान्ट्रेरस का 2021 का आदेश था कि 18 साल के होने पर बच्चों को सबसे कम प्रति.बंधित स्थान में छोड़ा जाए। यह संघीय कानून के अनुसार जरूरी है, जब तक कि बच्चा खुद या दूसरों के लिए खतरा न हो और भागने का जोखिम न हो। अक्सर बच्चों को रिश्तेदारों या फास्टर केयर में सौंप दिया जाता है। आईसीई के एक ईमेल में कहा गया कि नए वयस्कों को केवल आईसीई की व्यक्तिगत मामले की पैरोल अनुमति के तहत तत्काल मानवीय कारणों या महत्वपूर्ण सार्वजनिक लाभ के लिए ही छोड़ा जा सकता है। मार्च से सितम्बर तक आईसीई ने कुल 500 से कम लोगों को पैरोल पर छोड़ा। वादियों ने तर्क दिया कि पैरोल पर रिहाई लगभग नाममात्र की है और शेल्टर से बाहर हो रहे बच्चों को जमानत और आवश्यकता से अधिक वयस्क हिरासत में रखने से स्थाई नुकसान हो सकता है। यह खासकर तब सच है जब कुछ बच्चों के माता-पिता ने उनका उत्पीड़न किया हो, उन्हें छोड़ दिया हो या मानव तस्करी के शिकार रहे हों।



# गाजा में इजरायल पीछे हटने को तैयार

## ट्रम्प ने मैप जारी किया, मैप में बताया कहां तक हटेगी सेना, अब हमास के जवाब का इंतजार

**इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी, आईडीएफ का गाजा के करीब 70% इलाके पर कब्जा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने गाजा से पीछे हटने के लिए शुरुआती सीमा रेखा (प्दपजपंस ॅपजीकतूंस स्पदम) के लिए सहमति जताई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने इजरायल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया की इजरायली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी।

उन्होंने कहा ये समझौता हमें 3 हजार साल पुराने संकट को खत्म करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने लड़ाई जारी रखी तो उसके सभी विकल्प खत्म हो जाएंगे। ट्रम्प के मैप के मुताबिक, यह शुरुआती वापसी रेखा (पीली लाइन) आईडीएफ की पुरानी कंट्रोल लाइन है। पिछले महीने आईडीएफ गाजा पर बड़े हमले कर आगे बढ़ी थी। फिलहाल आईडीएफ का गाजा के करीब 70 प्रतिशत इलाके पर कब्जा है। हमास ने अब तक इस प्रस्ताव पर औपचारिक सहमति नहीं दी है। सोमवार से मिस्र में इनडायरेक्ट बात.चीत शुरू होने की उम्मीद है। अगर हमास इस योजना को मंजूरी देता है, तो ट्रम्प प्रशासन पहले चरण की वापसी और शांति व्यवस्था लागू करने की तैयारी करेगा। दक्षिण गाजा के राफाह और फिलाडेल्फिया कारिडोर जैसे इलाकों को इजरायल के नियंत्रण में दिखाया गया है, जहां सुरक्षा बल बने रहेंगे। उत्तरी गाजा में बेइत हनून के आसपास का इलाका भी इजरायली सुरक्षा जोन के रूप में दिखाया गया है। गाजा सिटी और उसके आस-पास के शरणार्थी शिविरों को नक्शे में ऐसे इलाकों के रूप में दिखाया गया है, जहां फिलहाल पूरी तरह वापसी नहीं होगी। ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया था। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है।

## पोर्टलैंड में ट्रम्प प्रशासन की किरकिरी

- **अदालत ने सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक**

**ओरेगन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को फिलहाल पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड के जवान तैनात करने से रोक दिया है। यह आदेश उस मुकदमे में दिया गया है जो राज्य सरकार और नगर प्रशासन ने मिलकर दायर किया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इमरगट ने कहा कि यह मामला अमेरिकी लोकतंत्र के तीन बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है, संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून-व्यवस्था के बीच सीमा और सरकार की तीन शाखाओं, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, के बीच संतुलन का है। जज ने कहा कि हम संविधान द्वारा तय इन संबंधों का कितना पालन करते हैं, यही तय करता है कि हम वास्तव में कानून के शासन के तहत रह रहे हैं या नहीं। जज इमरगट ने कहा कि राष्ट्रपति को आम तौर पर नेशनल गार्ड को 'संघीय नियंत्रण' में लेने का अधिकार होता है, लेकिन यह तभी उचित है जब स्थानीय पुलिस या कानून प्रवर्तन एजेंसियां नियंत्रण खो दें। पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ था। अदालत ने पाया कि हाल के दिनों में पोर्टलैंड में जो प्रदर्शन हुए, वे न तो हिंसक थे और न ही बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैली थी। जज ने अपने आदेश में लिखा कि राष्ट्रपति का फैसला तथ्यों से जुड़ा नहीं था।

# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 51 की मौत

## 9 नागरिक लापता, सेना हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई।

इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की को.शिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकाप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हालिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। नेपाल में हर साल जून से सितम्बर तक मानसून की बारिश होती है, लेकिन इस बार बारिश का मौसम देर तक चला, जिससे नुकसान ज्यादा हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनका समय और तीव्रता भी पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई है। नेपाल जैसे पहाड़ी देशों में यह खतरा और भी बड़ा है। दक्षिण-पूर्वी नेपाल में कोशी नदी का जलस्तर सामान्य से दोगुना से ज्यादा हो गया है। लोकल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोशी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं, जबकि आमतौर पर 10-12 गेट ही खुले रहते हैं। भूस्खलन की वजह से कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप है। दशैं त्योहार के बाद घर लौट रहे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। दशैं नेपाल का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है, जिसमें लोग अपने परिवारों से मिलने गांव जाते हैं। खराब मौसम की वजह से शनिवार को घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कुछ देरी के साथ चल रही हैं। काठमांडू एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिंजी शेरपा ने कहाः घरेलू उड़ानें पूरी तरह बंद हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं।

# फलस्तीन के समर्थन में पुर्तगाल में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3000 से जयादा लोग फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने कहा कि रैली के दौरान आयोजकों की उम्मीदों से कहीं जयादा लोग इकट्ठा हुए। लगभग 500 लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन अंततः भीड़ लगभग 3,000 तक पहुंच गई। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे। लूसा समाचार एजेंसी से बात करते हुए लौका ने कहा कि फलस्तीनी मुद्दों के लिए आंदोलन 'दुनिया भर में व्यापक पैमाने पर' हो रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायली सरकार के खिलाफ इस आंदोलन को रो.कना असंभव है, जैसा कि पूरे यूरोप में हो रहे प्रदर्शनों में देखा जा रहा है। फलस्तीन के सामा.जिक कार्यकर्ता सेरेना सबात ने संबोधित किया और फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

